27 page 1_01.qxd 9/26/2023 9:35 PM Page 1

दैनिक
भरोसा मित्र
ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सरकार... पेज- 8

एक्शन में गृह मंत्री अनिल विज... पेज- 8

■ वर्ष:1 ■ अंक: 18 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ बुधवार ■ 27 सितंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण हरियाणा में भाजपा को झटका

पूर्व मंत्री जगदीश यादव ने भाजपा को कहा अलविदा

आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में दिल्ली में सैंकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में होंगे शामिल

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व भारतीय जनता पार्टी को दक्षिण हरियाणा में बड़ा झटका लगा है। 2019 के चुनाव में रोहतक लोकसभा क्षेत्र तथा कोसली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत में अहम योगदान निभाने वाले पूर्व मंत्री एवं अहीरवाल के दिग्गज नेता जगदीश यादव ने भाजपा को अलविदा कह दिया है। पूर्व मंत्री बुधवार को अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामेंगे। जगदीश यादव के कांग्रेस में शामिल होने के बाद एक ओर जहां विशेषकर कोसली विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक समीकरण बदलेंगे, वहीं आने वाले समय में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। मूल रूप से रेवाड़ी जिले के गांव हालुहेड़ा निवासी पूर्व मंत्री जगदीश यादव का कोसली विधानसभा क्षेत्र के मजबूत पकड़ मानी जाती है। पूर्व मंत्री जगदीश यादव हमेशा से ही एंटी रामपुरा हाउस की राजनीति करते आ रहे हैं। जिस समय पूर्व मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की थी, उस समय केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पहले से ही भाजपा में थे। पूर्व मंत्री कोसली विधानसभा क्षेत्र से टिकट की इच्छा लिए भाजपा में शामिल हुए थे। लेकिन कयास लगाए जा रहे थे कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने उन्हें टिकट से महरूम करा दिया। अब कांग्रेस में चले जाने के बाद कोसली विधानसभा क्षेत्र का राजनीतिक समीकरण की हवा क्या रुख अपनाती है, यह तो आने वाला समय ही साफ कर पाएगा। वहीं रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने अन्य दलों को छोडे र कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए, जहां भी विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, वहां कांग्रेस की भारी अंतर से जीत दिखाई दे रही है। विधायक चिरंजीव राव एक बैंक की शाखा का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कि जगदीश यादव इलाके के वरिष्ठ नेता है और निश्चित रूप से कांग्रेस को इससे मजबूती मिलेगी। इंडिया गठबंधन व आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस फहराएगी जीत का परचम - चिरंजीव उन्होंने कहा कि पूर्व में कर्नाटक व हिमाचल के चुनाव में कांग्रेस को भारी जीत हासिल हुई। जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी की बौखलाहट दिखाई दी तथा उन्हें हार का डर सताने लगा है।

1996 में बंसीलाल सरकार में पहली बार विधायक बनकर बने थे मंत्री

जगदीश यादव 1996 में बंसीलाल सरकार में पहली बार विधायक बनकर मंत्री बने थे। उसके बाद इनेलो की टिकट पर कोसली हलके से विधानसभा चुनाव लड़ते आ रहे थे। कड़ी टक्कर देने के बाद वे कांग्रेस प्रत्याशी से हारे। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को कड़ी टक्कर देते हुए पुन- हार का सामना करना पड़ा। 2019 के विधानसभा चुनाव से पूर्व टिकट की इच्छा रखते हुए उन्होंने इंडियन नेशनल लोकदल को अलविदा कहकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने कोसली विधानसभा क्षेत्र से टिकट हासिल करने की पूरी जुगत लगाई, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिल पाई। जिसके बाद उनके निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरने की भी अटकले लगी, लेकिन मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद वे भाजपा में रहते हुए ही पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया। मंगलवार सुबह पूर्व मंत्री के निजी सचिव ने अचानक जगदीश यादव के बुधवार को कांग्रेस में शामिल होने की सूचना प्रसारित कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। हालांकि पूर्व मुख्यंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से नजदीकियों के साथ-साथ उनके कांग्रेस में शामिल होने की चर्चाएं भी चल रही थीं। कुछ दिनों पूर्व उन्होंने क्षेत्र के समर्थकों की बैठक बुलाकर भी उनसे आगामी राजनीतिक चर्चा भी की थी। जिसमें भी अनेकों कार्यकर्ताओं ने जगदीश यादव को कांग्रेस में शामिल होने की बात कही थी।

दोस्ती नहीं कांगेस को मजबूत करेंगे हुड्डा

अहीरवाल में कांग्रेस को मजबूत करने की कवायद में जुटे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उनके पुत्र दीपेंद्र हुड्डा ने अपनी रणनीति पूरी तरह बदल दी है। पूर्व मंत्री एवं कोसली हलके में व्यापक जनाधार रखने वाले जगदीश यादव को कांग्रेस में शामिल कराने के फैसले के साथ ही हुड्डा ने यह भी साफ कर दिया कि वह केंद्रीय राज्य मत्री राव इंद्रजीत सिंह के साथ अब मित्रता नहीं निभाएंगे, बल्कि कांग्रेस के हाथ को मजबूत करेंगे। अहीरवाल में लंबे समय से भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राव इंद्रजीत सिंह की राजनीतिक दोस्ती के चलते कोई अहीर नेता उभर नहीं पाया। करीब दस साल पहले भले ही राव इंद्रजीत सिंह भाजपा में शामिल हो गए, लेकिन कोसली हलके में हुड्डा ने राव इंद्रजीत सिंह के प्रति अपना रुख पूरी तरह नरम रखा। हालांकि यह भी सच है कि हुड्डा को कोसली हलके में राव इंद्रजीत सिंह से मित्रता का कोई फायदा नहीं हुआ। दीपेंद्र हुड्डा को रोहतक लोकसभा क्षेत्र से करारी हार का सामना करना पड़ा। वर्तमान में बदले राजनीतिक हालात के बीच हुड्डा हरियाणा में सरकार बनाने की कवायद में जुटे हैं। इसी के चलते राव इंद्रजीत सिंह के धुर विरोधी जगदीश यादव को कांग्रेस में शामिल किया जा रहा है। जगदीश यादव से कांग्रेस को न केवल कोसली अपितु अटेली हलके में भी मजबूती मिलेगी।



न्यूज डायरी

मोनू मानेसर को 7 अक्टूबर को किया जाएगा अदालत में पेश

सोहना। जेल बदले जाने की वजह से हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित मोनू मानेसर को अदालत में पेश नही किया जा सका। नासिर-जुनेद हत्या मामले में आरोपित बनाया गया मोनू मानेसर राजस्थान की भरतपुर जेल में बंद था। जिसे बाद में सुरक्षा के लिहाज से अजमेर जेल भेज दिया गया। अदालत की अनुमति के बावजूद मिलेनियमसिटी पुलिस मोनू को प्रोडक्शन वारंट पर नही ला सकी क्योकि अदालत ने भरतपुर जेल अधीक्षक को मोनू मानेसर को पच्चीस सितंबर को अदालत में पेश करने का आदेश दिया लेकिन जब तक वारंट भरतपुर जेल अधीक्षक पर पहुंचते, तब तक मोनू मानेसर को अचानक से भरतपुर जेल से अजमेर जेल में स्थानांतरित किया जा चुका था। अजमेर जेल प्रबंधन की तरफ से जवाब दिया गया है कि सुरक्षा कारणों के चलते वह मोनू को मिलेनियमसिटी जनपद गुरूग्राम में नही ला सकते। ऐसे में मिलेनियमसिटी पुलिस ने दोबारा से अदालत में अर्जी लगाकर मोनू को प्रोडक्शन वारंट पर लिए जाने का निर्णय लिया है। इस बार गुरूग्राम से पुलिस की टीम मोनू को लेने जाएगी। सात फरवरी, 2023 को पटौदी में 2 समुदायों के बीच हुए विवाद में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया।

प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले 9 साल में

भ्रष्टाचार घटा, सुविधा बढ़ी

पिछले 30 दिनों में भारत की कूटनीति ने नई ऊंचाईयां छुईं : मोदी

नई दिल्ली,एजेंसी ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित किया और नवनियुक्त 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। देशभर से चुने गए युवा डाक विभाग, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय एवं परिवार कल्याण सहित अन्य विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में शामिल होंगे। इस मौके पर पीएम ने कहा कि पिछले नौ साल में इनोवेटिव तरीके से बड़े बदलाव हुए हैं। तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से भ्रष्टाचार घटा है और सुविधाएं बढ़ी हैं। रोज़गार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को बधाई दी। देशभर में गणेश उत्सव का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इस शुभ अवसर के दौरान नियुक्त लोगों के लिए एक नए जीवन का श्री गणेश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ऐतिहासिक उपलब्धियों का गवाह बन रहा है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख किया जिसने आधी आबादी को सशक्त बनाया है। उन्होंने जोर दिया, महिला आरक्षण का मुद्दा जो 30 वर्षों से अटका हुआ था, दोनों सदनों द्वारा रिकॉर्ड मतों से पारित हो गया है।



नारीशक्ति की उपलब्धि पर गर्व

नई भर्तियों में महिलाओं की महत्वपूर्ण उपस्थिति को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की बेटियां हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे नारीशक्ति की उपलब्धि पर बहुत गर्व है और सरकार की नीति है कि उनके विकास के लिए नए रास्ते खोले जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति से हमेशा हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है।

नये भारत के सपने ऊंचे हैं

नये भारत की बढ़ती आकांक्षाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस नये भारत के सपने ऊंचे हैं। भारत ने 2047 तक विकसित भारत बनने का संकल्प लिया है। उन्होंने रेखांकित किया कि अगले कुछ वर्षों में देश-दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा जहां सरकारी कर्मचारियों को आने वाले समय में बहुत योगदान देना होगा।

जी 20 से भारत ऊंचाई पर

मोदी ने कहा कि जी 20 के आयोजन को भारत ने जिस ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, उसे देखकर दुनिया बहुत चकित है। लेकिन मैं बिल्कुल हैरान नहीं हूं। क्योंकि जिस कार्यक्रम को सफल बनाने का बीड़ा आप जैसे युवा विद्यार्थी उठा लेते हैं, तो फिर उसका सफल होना तय है। भारत युवा शक्ति द्वारा संचालित सकारात्मक परिवर्तनों का गवाह बन रहा है।

पीएम बोले, मुझ पर लोगों को जेल में डालने का आरोप

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पिछले 30 दिनों में भारत की कूटनीति ने नई ऊंचाईयां छुई है।प्रधानमंत्री ने आज भारत मंडपम में जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने भारत की जी 20 अध्यक्षता से जुड़ी चार पुस्तकों का भी विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पिछले 30 दिनों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। भारत की पहल पर अफ्रीकन यूनियन के जी 20 का सदस्य बनने और भारत के चंद्रयान और सोलर मिशन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा पिछले 30 दिन के घटनाक्रम पर एक नजर डालने से नए भारत की स्पीड और स्केल का पता चलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझ पर लोगों को जेल में डालने का आरोप है। आप बताएं जो देश का माल चोरी करेंगे तो जगह कहां होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के प्रयासों से 6 और देश ब्रिक्स समुदाय में शामिल हुए। उन्होंने कहा, आप सभी को 23 अगस्त का दिन याद होगा। उन्होंने कहा, सऊदी अरब भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने जा रहा है। पिछले 30 दिनों में मैंने 85 विश्व नेताओं के साथ बैठकें की हैं।

गृह मंत्री शाह की अध्यक्षता में हुई उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक

पाकिस्तान का पानी रोक कर एसवाईएल बनाए पंजाब : मनो

बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एसवाईएल पर रखा हरियाणा का पक्ष

बैठक में शामिल हुए जेके व दिल्ली के एलजी, पंजाब व हिमाचल के मुख्यमंत्री

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को अमृतसर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक में सतलज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर का निर्माण कार्य पूर्ण करने, पंजाब विश्वविद्यालय से हरियाणा के कॉलेजों को संबद्ध करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हरियाणा का पक्ष रखा। बैठक में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित उत्तर भारतीय राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि एसवाईएल का निर्माण न करने के बारे पंजाब का कहना है कि पानी की उपलब्धता कम हो गई है। एसवाईएल का निर्माण और पानी की उपलब्धता दो अलग-अलग मुद्दे हैं। इस मामले में भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि रावी, सतलुज और ब्यास के पानी का अधिशेष, बिना चैनल वाला पानी पाकिस्तान में चला जाता है। पिछले 10 वर्षों में सतलुज के पानी का औसतन 1.68 एमएएफ और रावी-ब्यास के पानी का 0.58 एमएएफ पाकिस्तान की तरफ गया है। इस राष्ट्रीय अपव्यय के सदुपयोग लिए एसवाईएल जरूरी है। मुख्यमंत्री ने पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा के कॉलेजों को संबद्धता देने संबंधी विषय पर बात करते हुए कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा का हिस्सा पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के तहत प्रदान किया गया था। केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 1 नवम्बर, 1973 को एक अधिसूचना जारी कर इसे समाप्त कर दिया गया था। इससे पहले हरियाणा के तत्कालीन अम्बाला जिले के कॉलेज इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध थे। इसलिए अब पंचकूला, अंबाला और यमुनानगर के कॉलेजों को पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्धता दी जानी चाहिए।

68 वर्ष पुराना हो गया नंगल हाइडल चैनल

उन्होंने कहा कि भाखड़ा बांध, नंगल बांध से हरियाणा के लिए केवल एक कैरियर चैनल यानी 61 कि.मी. लंबा नंगल हाइडल चैनल (एनएचसी) है। इसका निर्माण 1954 के दौरान किया गया था, जो वर्तमान में 68 वर्ष पुराना हो गया है। यदि एनएचसी के पुराना होने की स्थिति में कोई दुर्घटना होती है, तो पूरी प्रणाली रुक जाएगी और हरियाणा को पानी की आपूर्ति नहीं हो पाएगी। ऐसे समय में एसवाईएल वैकल्पिक चैनल का काम भी करेगी। इसलिए एसवाईएल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए। पानी की उपलब्धता न होने की बात करके इसे रोकना उचित नहीं है।

सभी राज्यों को हथिनीकुंड पर पर विचार करना चाहिए

मनोहर लाल ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बी.बी.एम.बी.) के मुद्दों पर विचार-विमर्श करते समय हमें धूलकोट बी.बी.एम.बी. सब-स्टेशन की स्थिति को भी ध्यान में रखना होगा, जो वर्तमान में मरम्मत के कार्यों के कार्यान्वयन में देरी से प्रभावित है। इस बिजलीघर का कुशल कामकाज न केवल बिजली उत्पादन के लिए बल्कि जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लघु-पन बिजली परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों पर विचार करते समय हम सभी राज्यों को हथिनीकुंड पर एक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में बांध के प्रस्ताव पर विचार करना चाहिए।

दिल्ली के उमराव सिंह ज्वेलर्स में 25 करोड़ की चोरी

चौथी मंजिल का ताला तोड़कर दाखिल हुए बदमाश

नई दिल्ली,एजेंसी ।

दक्षिण पूर्वी जिले के जंगपुरा इलाके में एक ज्वेलरी शोरूम में 25 करोड़ रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। डीसीपी राजेश देव ने बताया कि मौके पर क्राइम टीम व फॉरेंसिक टीम के एक्सपर्ट्स के साथ पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। पूरे मामले को सुलझाने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं, ताकि चोरों का कुछ सुराग मिल सके। पुलिस सूत्रों की मानें तो शुरूआती जांच में पता चला है कि रविवार को पीड़ित ने शोरूम को बंद किया। सोमवार को शोरूम बंद रहता है। बदमाशों ने शोरूम की छत व दीवार में होल किया है। पुलिस को आशंका है कि इस पूरी वारदात में शोरूम का कोई कर्मचारी हो सकता है, क्योंकि जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया और तिजोरी को खोला गया। उससे साफ पता चलता है कि इसकी रेकी करके बदमाशों को दी गई है। फिलहाल स्थानीय पुलिस के साथ ही जिले की स्पेशल स्टाफ व अपराध शाखा की

यह है पूरा मामला

जंगपुरा के भोगल मार्केट में उमराव ज्वेलर्स शोरूम में 20 से 25 करोड़ रुपये के आभूषणों की चोरी हुई है। दुकान के बाहर लगे बिजली के मीटर बॉक्स का ताला मंगलवार को टूटा मिला। शोरूम के स्टाफ ने बताया कि अक्सर इलाके में घूमने वाले नशेड़ी ताला तोड़ ले जाते थे। मंगलवार को भी सुबह दुकान खोलने आया तो उसने देखा कि बिजली के मीटर बॉक्स का ताला टूटा हुआ था। इस पर मालिक महावीर प्रसाद जैन को फोन करके बताया कि आज फिर से मीटर बॉक्स का ताला तोड़ दिया गया है। शोरूम मालिक ने कहा कि कोई बात नहीं फिर से लगवा लिया जाएगा। स्टाफ जब शोरूम के अंदर पहुंचा तो देखा हर तरफ धूल मिट्टी है और दीवार में बड़ा सा होल है। शोरूम स्टाफ ने दोबारा मालिक को कॉल कर पूरी घटना बताई। सूचना मिलते ही महावीर प्रसाद मौके पर पहुंचे तो देखा शोरूम के अंदर रखी तिजोरी ड्रिल मशीन से कटी हुई थी। सोने और हीरे के सभी गहने तिजोरी के अंदर ही रखे जाते थे। उसमें 132 अंगूठियां हीरे की थीं। इसके साथ ही गले के कई हार व चेन थीं। महावीर ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस पूछताछ में शोरूम के स्टाफ ने बताया कि यहां पर रखी तिजोरी की चादर करीब 10 इंच से ज्यादा मोटी थी। इसके बावजूद बदमाशों ने उसे काटकर अंदर से सारा गहना निकाल लिया। दुकान के अंदर बदमाशों ने हर काउंटर से माल उड़ाया है। पकड़े जाने के डर से बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज डिलीट कर दी।

मुनाफा बंद होने का रोना रो रहे गांधी खानदान के लोग : स्मृति इरानी

लखनऊ। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने अमेठी के संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस रद किए जाने पर कहा कि मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त करने और आरोपित के खिलाफ कार्रवाई के बजाय गांधी खानदान के लोग अपना मुनाफा बंद होने का रोना रो रहे हैं। उन्हें एक महिला की जान की कोई परवाह नहीं है। अस्पताल में लापरवाही के कारण एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मैं अचंभित हूं कि गांधी खानदान की ओर से चलाए जा रहे इस अस्पताल में एक महिला की मौत होती है।

नूंह हिंसा | जेल में बंद विधायक मामन खान से मिलने पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष

नूंह हिंसा के लिए भाजपा-जजपा सरकार जिम्मेदार: उदयभान

बोले, हिंसा के बाद केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने उठाए थे सरकार पर सवाल

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नूंह हिंसा मामले में न्यायिक हिरासत में जिले की सलंबा जेल में बंद फिरोजपुर विधायक मामन खान से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान मिलने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ,पुन्हाना विधायक मौहम्मद इलियास, तावडू के पूर्व विधायक शहीदा खान व पीसीसी सदस्य महताब अहमद भी मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान ने विधायक मामन खान का हाल जाना, और इसके बाद कांग्रेस के सभी नेता जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पहुंचे जहां एक पत्रकार वार्ता की। कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान ने कहा कि उनकी पार्टी पहले दिन से ही हाईकोर्ट जज द्वारा न्यायिक जांच की मांग कर रही है ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो सके लेकिन प्रदेश सरकार इस जांच से भाग रही है। सरकार इसलिए जांच से भाग रही है क्योंकि इस घटनाक्रम में सबसे बड़ी विफलता प्रदेश की भाजपा जजपा सरकार की रही है। चौधरी उदयभान ने कहा कि उनके विधायक मामन खान को राजनैतिक द्वेष के चलते फंसाने का प्रयास भाजपा सरकार ने किया है लेकिन न्यायालय पर उन्हें भरोसा है और जल्द सच सभी के सामने आ जाएगा।उन्होंने कहा कि स्वयं इस इलाके से भाजपा सांसद व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए थे।कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर कहते हैं की वो हर व्यक्ति को सुरक्षा नहीं दे सकते तो वहीं ग्रह मंत्री अनिल विज को नूंह हिंसा की खबर ही समय पर नहीं मिलती साबित करता है कि हरियाणा सरकार पूरी तरह से विफल हो गई है और कानून व्यवस्था चरमरा गई।

भाईचारे के लिए जाना जाता है मेवात

उदयभान ने कहा कि हरियाणा का मेवात अपने भाईचारे के लिए सदैव जाना गया है, यहां तक की देश के बंटवारे के दौरान भी यहां धार्मिक हिंसा नहीं हुई थी और आज भी कई धार्मिक यात्राएं यहां से गुजरती हैं और स्थानीय लोग उनका दिल खोलकर स्वागत सत्कार करते हैं। लेकिन भाजपा राज में हरियाणा के भाईचारे को खराब करने के प्रयास कई बार हुए हैं लेकिन प्रदेश के लोगों ने इसे खराब करने वालों को करारा जवाब दिया है।

मामन खान बेकसूर है : आफताब अहमद

वहीं नूंह विधायक व कांग्रेस विधायक दल उप नेता आफताब अहमद का कहना है कि प्रशासन व सरकार की विफलताओं का परिणाम नूंह हिंसा थी, सरकार के पास पूर्ण जानकारी खुफिया विभाग के द्वारा दी गई कि मोनू मानेसर, बिट्टू बजरंगी व अन्यों लोगों के द्वारा एक दूसरे को चेलेंजबाजी दी जा रही थी। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि विधायक मामन खान के खिलाफ कोई सबूत नहीं है और वे बेकसूर हैं उन्हें गलत कार्यवाई करके निशाना बनाया गया है, सैंकड़ों स्थानीय युवाओं को भी बिना कसूर गिरफ्तार किया गया है। मानसून सत्र के दौरान डीजीपी से बात कर अपनी मांग रखी गई थी लेकिन सरकार गलत मंशा से कार्रवाई कर रही है।

खबर फटाफट

गरीबों के आशियानों को उजाड़ने पर तुली सरकार : गुर्जर

सोहना। कांग्रेस पार्टी में ओबीसी सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर बिस्सर का कहना है कि जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार गरीबों को आशियाना देने की बजाय उनके आशियानों को उजाडने् का काम कर रही है। एक तो पहले ही महंगाई व भ्रष्टाचार ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है और रही-सही कसर नई बन रही कॉलोनियों को अवैध कॉलोनी बताकर वहां हो रहे निर्माणों को तोडे र सरकार गरीबों को उजाडने् का काम कर रही है। उन्होने कहा कि हरियाणा में जब कांग्रेस की सरकार रही, उस वक्त मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा ने गरीब व जरूरतमंद लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट मुफ्त देकर बसाने का काम किया लेकिन भाजपा सरकार गरीबों को बसाने की बजाय उजाडने् का काम कर रही है। आए दिन किसी ना किसी बहाने गरीबों के आशियानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हे घर विहीन बनाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी में ओबीसी सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर बिस्सर ने लोगों को भरोसा दिया कि प्रदेश में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनने पर पहले की तरह ही गरीबों, दबे-कुचले वर्गों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट मुफ्त में देकर कांग्रेस गरीबों को बसाने का काम करेगी।

व्यापारी कर रहे असुरक्षित महसूस : निहाल

सोहना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट का कहना है कि करनाल जनपद के गांव जंजाड़ी में बदमाशों द्वारा एक व्यापारी जयभगवान की बदमाशों द्वारा गोली मारकर की गई हत्या और खरखोदा के गांव रोहाना में नर्सिंग की छात्रा 19 वर्षीय खुशबू की गोली मारकर की गई हत्या से जाहिर है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का दीवाला पिट गया है। अपराधी दनदनाते घूम रहे है। बदमाशों में खाकी का खौफ नही रहा है। राष्ट्रपति को चाहिए कि हरियाणा में जल्द से जल्द राष्ट्रपति शासन लगाया जाए ताकि बिगड़ रही कानून व्यवस्था में सुधार लाया जा सके। उन्होने आरोप लगाया कि भाजपा के राज में कानून व्यवस्था का पूरी तरह दीवाला पिट गया है। आज महिलाएं हो या व्यापारी सभी खौफ के साए में जी रहे है।

श्रीशिवमंदिर में हुआ गणेश पूजन : शास्त्री

सोहना। शहर के वार्ड-3 में सुशीलनगर कॉलोनी स्थित श्री शिवमंदिर के पुजारी वेदप्रकाश शास्त्री के अनुसार मंदिर प्रांगण में प्रातः समय श्री गणेश जी का पूजन और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। तत्पश्चात विश्वकल्याण की मंगलकामना को लेकर हवन-यज्ञ कर आहूतियां डाली गई। तत्पश्चात 56 भोग का भोग लगाया।

किराए पर लाइसेंस लेकर दूसरे चला रहे मेडीकल स्टोर

सोहना। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में फार्मासिस्टों का लाइसेंस किराए पर लेकर बिना लाइसेंस वाले लोगों द्वारा मेडीकल स्टोर चलाए जाने का धंधा तेजी से फलफूल रहा है। देखा जाए तो शहर के साथ-साथ विभिन्न गांवों में मेडीकल स्टोर खुले हुए है लेकिन कुछ लोग फार्मासिस्ट का अपना लाइसेंस किराए पर देकर खुद तो अन्य कोई काम कर रहे है और उनके लाइसेंस पर दूसरे लोग मेडीकल स्टोर चला रहे है। ताज्जुब तो ये है कि स्वास्थ्य विभाग व ड्रग्स कंट्रोलर टीम इस मामले में अनजान बनी हुई है। सूत्रों ने नाम व पहचान छुपाते हुए बताया कि शहर और देहात के विभिन्न गांवों में काफी ऐसे मेडीकल स्टोर चल रहे है, जो फार्मासिस्ट के नाम से पंजीकृत है लेकिन वह फार्मासिस्ट मेडीकल स्टोर खुद चलाने के बजाय दूसरे कामधंधों में लगे हुए है अथवा किसी कंपनी में नौकरी कर रहे है और उन्होने अपना फार्मेसी लाइसेंस दुकान को किराए पर दिया हुआ है तो काफी मेडीकल स्टोर संचालक एलोपैथिक दवाओं की भी बिक्री कर रहे है जबकि इन दवाओं को सिर्फ पंजीकृत फार्मासिस्टों द्वारा ही बेचा जा सकता है।

एक अक्टूबर को जींद में होगी संकल्प रैली

सोहना। लाला विजय गोयल, जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, सुभाष बंसल तथा रोहित गर्ग व अग्रवालसभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता की माने तो शिवनगरी सोहना विधानसभा क्षेत्र से एक अक्टूबर को जींद में आयोजित की जा रही संकल्प रैली में अग्रवाल वैश्य समाज की जबरदस्त भागीदारी रहेगी। उपरोक्त अग्रवाल नेताओं ने कहा कि अग्रवाल-वैश्य समाज ने सदा देश हित में काम किया है। देश की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में समाज की अहम भूमिका है। आजादी के आंदोलन से ही वैश्य समाज के पुरोधाओं ने तन-मन-धन से सहयोग किया था। व्युवाओं से उन्होंने आग्रह किया कि अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों को मजबूत करने के साथ राजनीति में भी प्रवेश करें। बहुत से ऐसे विषय होते हैं, जिनको लेकर व्यापारी वर्ग राजनीतिक दलों के आगे झोली फैलाए रहता है। हम अगर राजनीति में सक्षम होंगे तो व्यापारी हित में बेहतर काम कर सकेंगे। श्री अग्रवालसभा के प्रधान रहे लाला विजय गोयल, जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, सुभाष बंसल तथा अग्रवाल वैश्य समाज के हलका प्रधान रोहित गर्ग व अग्रवालसभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज राजनीति में भागीदारी के लिए प्रेरित करने वाल संगठन है। पिछले 15 साल से हम प्रयासरत हैं कि समाज के लोग आगे आएं। जींद सम्मेलन में समाज की भागीदारी बढ़े, इसी उद्देश्य को लेकर हम यह समर्थन दे रहे हैं। हमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी ताकत भी दिखानी है ताकि भविष्य में राजनीति के हम केंद्र बिंदू रहे। अग्रवालसभा के पूर्व उपाध्यक्ष व व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर उमेश अग्रवाल, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला, अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव टेकचंद बंसल, अग्रवालसभा के उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की जयन्ती से नवसंकल्प सेवा व राजनीतिक प्रकल्पों को पूरे प्रदेश में आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया है।

ग्रीवेसिंग कमेटी की बैठक 29 को

सोहना। गांव भौंड़सी में रहने वाले भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव के अनुसार समस्याओं के निवारण करने के लिए जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक शुक्रवार, 29 सितंबर को प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याणमंत्री तथा जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश दलाल की अध्यक्षता में स्वतंत्रता सेनानी जिलापरिषद हाल में सुबह 11 बजे होगी। उन्होने बताया कि बैठक में सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की 2 दिवसीय बैठक 5 व 6 को

सोहना। देश में गैंगस्टरों के नेटवर्क को पूरी तरह तोडने् तथा गैंगस्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की 2 दिवसीय बैठक 5 व 6 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित होगी। इस बैठक में विभिन्न राज्यों से आए देश भर के सभी एटीएस अधिकारियों के साथ-साथ आईबी और आरएडब्लयू के अधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

वश्व फेफडा दिवस पर विशेष रिपोर्ट

क्षय रोग विशेषज्ञ डाक्टर ना होने से रोगी परेशान

फेफड़ों संबंधी बीमारियों से बचाव व उपचार के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेकर इलाज के नाम पर मुंहमांगे पैसे देकर लुटना पड़ रहा है

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। एक तरफ केन्द्र व प्रदेश सरकार विश्व फेफडा दिवस पर फेफड़े की बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक बनाने का काम कर रही है तो दूसरी तरफ सरकारी अस्पताल में क्षय रोग विशेषज्ञ डाक्टर का पद खाली पड़े होने से रोगियों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है और फेफड़ों संबंधी बीमारियों से बचाव व उपचार के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेकर इलाज के नाम पर मुंहमांगे पैसे देकर लुटना पड़ रहा है। हैरानी की बात ये है सोहना क्षेत्र के जागरूक लोगों के बार-बार आवाज उठाने के बावजूद स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष फोकस रखने का दावा करने वाली भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार सोहना शहर स्थित उपमंडलस्तरीय सरकारी अस्पताल में क्षय रोग विशेषज्ञ डाक्टर उपलब्ध नही करा पा रही है। जिससे निजी अस्पतालों में बैठने वाले क्षय रोग विशेषज्ञ डाक्टरों की मौज बन आई है और वह इलाज के नाम पर मुंहमांगे पैसे वसूलते हुए चांदी कूटते हुए रोगियों का शोषण करने का काम कर रहे है। युवा समाजसेवी नवीन उजीनिया, युवा समाजसेवी विकास बैसिया, गांव सिरसका में रहने वाले अमित अधाना व कर्मपाल बोकन, सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया आदि जागरूक लोगों ने बताया कि यहां पर उपमंडलस्तरीय सरकारी अस्पताल में क्षय रोग विशेषज्ञ डाक्टर ना होने से क्षय रोग वाले रोगी परेशान हो रहे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग इस तरफ ध्यान देने की बजाय अनदेखी बरत रहा है। अस्पताल में आए रोगियों ने अपना दुखड़ा रोते हुए बताया कि यहां पर सरकारी अस्पताल में क्षय रोगियों के उपचार के लिए सरकार ने अनुबंध आधार पर एक वर्ष की समयावधि हेतू क्षय रोग विशेषज्ञ डाक्टर लगाया था। अब एक वर्ष बीतने के बाद अनुबंध खत्म होने पर यहां काम कर रहे क्षय रोग विशेषज्ञ डाक्टर को स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। ऐसे में क्षय रोग वाले रोगी इधर से उधर भटकते हुए परेशान हो रहे है। रोगियों ने स्वास्थ्य विभाग की लचर कार्यप्रणाली का खुलासा करते हुए कहा कि होना ये चाहिए था कि अनुबंध खत्म होने से कम से कम दो महीने पहले क्षय रोग विशेषज्ञ के साथ किए गए अनुबंध को आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय अस्पताल प्रबंधन द्वारा फाईल तैयार करके सिविल सर्जन के माध्यम से स्वास्थ्य निदेशालय को पहले ही भेज दी जानी चाहिए थी लेकिन ऐसा नही किया गया। लापरवाही बरती गई। स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय प्रबंधन की बरती गई लापरवाही अब यहां पर क्षय रोगियों पर भारी पड़ रही है। उन्हे सरकारी अस्पताल में आने पर ना तो क्षय रोग जांच के लिए डाक्टर मिल रहा है और ना ही उनका उपचार हो रहा है। वह अपने दवाओं वाले पर्चे और रिपोर्टों को लेकर इधर से उधर भटकने को मजबूर है पर कोई ध्यान देने वाला नजर नही आ रहा है। व्यापारमंडल संघ प्रधान मनोज बजरंगी, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, युवा समाजसेवी सूरज खटाना दमदमिया, चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट, युवा समाजसेवी नौरंग खटाना बेरका, जिलापरिषद के पूर्व सदस्य रोहताश खटाना लोहटकी, नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, नगरपार्षद वेदकला शर्मा, समाजसेवी डाक्टर महेश गोयल आदि जागरूक लोगों का कहना है कि प्रदेश के भीतर स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक रोगी को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावें कर रहा है। एनसीआर से जुड़े और साइबरसिटी गुरूग्राम से सटा और मेवात जनपद का प्रवेश द्वार कहलाने वाला शिवनगरी सोहना स्थित उपमंडलस्तरीय सरकारी अस्पताल आज भी स्वास्थ्य विभाग हरियाणा की अनदेखी का शिकार है। हालात ये है कि है कि शिवनगरी सोहना के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में क्षय रोगियों की तादाद दिनोंदिन तेजी से बढ़ रही है लेकिन फिर भी स्वास्थ्य विभाग और सरकार सोहना के सरकारी अस्पताल में क्षय रोग विशेषज्ञ डाक्टर के अनुबंध को बढ़ाने की बजाय अनदेखी बरत रहे है। ऐसे हालातों में क्षय रोगी परेशान होकर इधर से उधर भटक रहे है तो धरातल पर क्षय रोग से निपटने के लिए सरकार के दावे क्षय रोग विशेषज्ञ डाक्टर के अभाव में यहां खोखले नजर आ रहे है। जिला क्षय रोग अधिकारी डाक्टर केशव शर्मा का कहना है कि अमूमन टीबी फेफड़ों पर ज्यादा असर करती है। क्षय रोग के रोगियों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से खोजो अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने बताया कि टीबी सिर्फ फेफड़े ही नही हडडी, गुर्दे व पेट को भी बीमार कर रही है। बीते वर्ष में 6700 क्षय रोग वाले मरीजों की पहचान हुई, जिनमें करीब 80 फीसदी रोगियों में फेफड़ों की टीबी मिली। वही टीबी फेफड़ों के अलावा ब्रेन, यूटर्स, लीवर, किडनी, पेट, हडडी, गले आदि में कही भी हो सकती है। इसे एक्सट्रा पल्मोनरी टीबी कहते है। शुरू-शुरू में टीबी रोग फेफड़ों को ही प्रभावित करता है लेकिन धीरे-धीरे यह रक्त प्रवाह से होते हुए शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैल सकता है और यह रोग हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है। इसमें कोई भी हडडी प्रभावित हो सकती है। अमूमन यह रीढ़ और वजन सहने वाले हाथ, कलाई व कोहनियों पर ही आक्रमण करता है। इसमें दर्द बढ़ जाता है। हडडी की टीबी में हडिडयों में घाव हो जाते है और इलाज के बाद भी आसानी से ठीक नही होते है। शरीर में जगह-जगह फोड़े, फुंसी होना भी क्षय रोग के लक्षण है।

धर्म ही सर्वोतम धन-बच्चों को दे अच्छे संस्कार : कथाव्यास

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। शिवनगरी सोहना के वार्ड-बीस के तहत लगने वाले गांव सांपकीनंगली में 7वें दिन मंगलवार को श्रीमदभागवत कथा में विशेष आमंत्रण पर बृजभूमि वृंदावन धाम से आए कथाव्यास राधारमन जी महाराज ने श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन अवसर पर उपस्थितों के बीच अपने मुखारविंद से ज्ञान की गंगा बहाते हुए कहा कि आत्मा ही आत्मा का गुरू है। जो इंसान सदगुणों सम्पन्न होता है, वही धनवान माना जाता है। असंतुष्ट रहने वाला व्यक्ति दरिद्र होता है। धर्म ही सर्वोतम धन है। कथा के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रदर्शित की गई वृंदावन में श्री कृष्ण-गोपिकाओं संग खेली गई फूलों की होली मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही तो वही सुदामा-श्री कृष्ण मित्र मिलन वृतांत झांकियों को देख उपस्थित जनसमूह व श्रद्धालुगण भावविभोर हो उठे। कथाव्यास राधारमन जी महाराज ने कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि आत्मा ही आत्मा का गुरू है। जो इंसान मोक्ष, बंधन के तप का ज्ञाता है, वही पंडित है। बलबीर गब्दा, पूर्व नगरपार्षद व भाजपा नेता मुकेश सैनी, देविन्द्र शर्मा, पवन शर्मा, भारत भीमवाल, सुनीता सैनी, सीमा सैनी, निर्मला देवी सरोहा, राजवती शर्मा, सुमन देवी, सोनिया कसाना, सीमा सिसोदिया, रेखा रावत, राजो देवी, गुडडी देवी, ओमवती देवी, श्रीमती आशा देवी की माने तो भागवत कथा के समापन पर 27 सितंबर को हवन-यज्ञ व पूर्णाहूति के बाद भंडारे का आयोजन होगा।

मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी सड़कों पर उतरे

नगरपरिषद में जमकर नारेबाजी कर भूख हड़ताल पर बैठ

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना में नगरपरिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी नारेबाजी करते हुए सडे पर उतर आए और विरोधप्रदर्शन करते हुए भूख हड़ताल पर बैठ गए और बताया कि बुधवार को भी वह हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने साफ कहा कि जब तक उनकी लंबे अर्से से अटकी मांगें पूरी नही होगी, वह चुप नही बैठेंगे। इसके बाद भी यदि प्रदेश सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नही किया तो हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने में देरी नही लगेगी। सफाई कर्मचारियों की मांग है कि सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ठेके की बजाय नियमित नौकरी पर रखा जाए। समान काम-समान वेतन दिया जाए। कोरोना महामारी के दौरान शहादत देने वाले कर्मचारियों के परिजनों को प्रति परिवार पचास लाख रुपए मुआवजा दिया जाए।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल लोगों पर भारी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। त्यौहारी सीजन के बावजूद सोहना नगरपरिषद में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते मंगलवार को जगह-जगह लगे गंदगी के ढेरों को देख नजर आ रहा है कि शहर में सफाई व्यवस्था का दीवाला पिट गया है। गली हो या मोहल्ले, बाजार हो या चौक-चौराहे, हर जगह कूड़े के ढेर लगे है। जिनसे तीखी दुर्गंध उठ रही है। जिसने लोगों का जीना दूभर कर दिया गया है। दुकानदारों और राहगीरों का दुर्गंध में बैठना और आवाजाही करना मुश्किल हो गया है। नाले-नालियों का भी बुरा हाल है। गंदगी और कूड़े के ढेरों से शहर नरक समान नजर आ रहा है। ऐसे में नगरपरिषद के स्थानीय अधिकारियों की बरती जा रही लापरवाही व अनदेखी तथा सफाई कर्मचारियों की 2 दिनों से चल रही हड़ताल के चलते यहां पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहरलाल के स्वच्छता को बढ़ावा देने के दावे कागजी और दिखावा बने नजर आ रहे है। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो शहर कूड़ाघर में तब्दील होकर रह जाएगा। हालात ये है कि शहर में सफाई का जो दीवाला अब पिटा है, ऐसा पहले कभी देखने को नही मिला। पहले नगरपालिका में कम कर्मचारी होते थे और सफाई बेहतरीन तरीके से होती थी। आज नगरपरिषद के पास सफाई कर्मचारियों की लंबी-चौड़ी फौज है।

सामान समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

सोहना। सीआईए पुलिस ने मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर एक धर्मकाटे से प्रिंटर, धर्मकाटे की आईटी और धर्मकाटे की डिजिटल डिस्पले, कीबोर्ड, जंक्शन बाक्स व डिजिटल लोड सेल आदि सामान चोरी करने वाले मामले में मंगलवार को 3 आरोपियों को पकडने् में कामयाबी पाई है। तीनों आरोपी मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले है और फिलहाल एक स्थान पर किराए पर कमरा लेकर रह रहे है। सीआईए पुलिस को मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि धर्मकाटे से चोरी करने वाले आरोपी एक स्थान पर मौजूद है। सूचना को सही मान पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंच गई और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान मुरली निवासी गांव चंपाखेड़ी, जिला नागौर, राजस्थान, महेन्द्र निवासी गांव चुंडिया, जिला नागौर, राजस्थान तथा अशोक कुमार निवासी गांव चूंडिया, जिला नागौर, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए सामान के साथ-साथ वारदात मे प्रयुक्त की गई एक कार भी बरामद करने में कामयाबी पाई है।

धूमधाम से हुआ गणपति विसर्जन

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना।यहां पर बालभारती स्कूल के समीप श्री सिद्धि गणेश मंदिर में चल रहे श्री गणेश महोत्सव का मंगलवार को समापन हो गया। इससे पूर्व मंदिर में पूरे विधि-विधानपूर्वक पूजा अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए गए। तत्पश्चात पूरे बाजार में गणेश विसर्जन से पूर्व शोभायात्रा निकाली गई, जो श्री सिद्धि गणेश मंदिर से शुरू होकर चुंगी एक, दमदमा मोड, चिल्डप्वाइंट, सीनियर सैकेंडरी बाल विद्यालय, नागरिक अस्पताल, शहीद भगत सिंह फौहारा चौक तथा विभिन्न बाजार मार्गों से होकर शिवकुंड और वापिस पूरे बाजार में होते हुए श्री सिद्धि गणेश मंदिर प्रांगण में आई। आयोजन से जुड़े प्रमुख समाजसेवी धर्म चौधरी एडवोकेट ने बताया कि इस उत्सव में स्थानीय लोगों ने मुंह पर मास्क लगाकर व सोशल डिस्टेसिंग रखते हुए खुशी-खुशी हिस्सा लिया। धर्म चौधरी एडवोकेट ने बताया कि गणेश महोत्सव अनेकता में एकता का प्रतीक है। प्रेमभाव और भाईचारे को बढ़ाने का संदेश इस त्यौहार से मिलता है। व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी, रूपचंद सैनी, चौधरी सुरेश सैनी, उमेश जुनेजा कोकी, प्रवीण जैन बोबी, अशोक गर्ग रेडीमेड वाले, धरमू पहलवान, मोहन सिंह सैनी, रोकी जैन, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान प्रदीप गर्ग, समाजसेवी दयाराम सैनी, पंकज भारद्वाज, व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर व अग्रवालसभा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल आदि श्रद्धालुओं ने बताया कि यहां पर चल रहे श्री गणेशोत्सव में भगवान श्री गणेश जी की आराधना करके एक स्थान पर खेत में बनाए गए जलस्त्रोत में 'गणपति बप्पा मोरया' और 'पुढचा वर्षी लौकर आ' यानि हे गणेश भगवान आप अगले वर्ष भी जल्दी आना' के गगनभेदी उदघोषों के बीच गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन से पहले गणपति के पंडाल में धर्म लाभ के साथ-साथ पर्यावरण बचाओ, पौधारोपण बढ़ाओ का संदेश दिया गया। इस मौके पर गणेश भक्तों ने बोलते हुए कहा कि गणपति जी की तरफ से हमारा मुख्य संदेश यही है कि प्लास्टिक पॉलीथीन का प्रयोग ना किया जाए।

परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखे : मनोज

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर व्यापारमंडल संघ के प्रधान व जाने-माने समाजसेवी मनोज बजरंगी ने कहा है कि 84 करोड़ योनि के बाद मनुष्य जीवन मिलता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में सदैव सच्चाई के रास्ते पर चल परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखनी चाहिये और प्रतिदिन प्रभु का स्मरण करना चाहिये क्योंकि प्रभु भक्ति में लीन इंसान का जीवन सफल होता है। उन्होंने अहंकार, ईर्ष्या, क्रोध, कड़वे बोल, बड़बोलेपन को इंसान का सबसे बड़ा शत्रु बताते हुए कहा कि परोपकार और सेवा भावना से इंसान में इंसानियत आती है। जीवन जीने का अदभुत आनंद आता है। भगवान की शरण में जाने से इंसान का जीवन अपने आप सुधर जाता है। मंगलवार को यहां पर व्यापारमंडल संघ के प्रधान व जाने-माने समाजसेवी मनोज बजरंगी प्राचीन हनुमान बगीची में किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान जितेन्द्र मित्तल के सौजन्य से आयोजित भंडारे में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता पद से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं की संगति इंसान के जीवन को महान बनाती है। सच्ची श्रद्धा व भाव से किया गया दान ही जीवन में काम आता है। धार्मिक आस्था रखते हुए इंसान को आपस में प्रेम-प्यार, भाईचारा, मानवता की सीख देता है। इसलिये हम उस प्रभु को कभी नहीं भूलना चाहिये। उसके दिखाये रास्ते पर चलते हुए हमें एक-दूसरे का आदर करना चाहिये। किसी का कोई भी कर्म हो, कोई भी क्षेत्र हो लेकिन उस सबसे पहले इंसान में इंसानियत जरूरी है और वो इंसानियत तभी संभव है, जब हम भगवान की शरण में जाये और अपने अंदर सदगुण बनाये। उन्होंने भंडारे में लोगों को स्वयं प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारंभ किया। इससे पूर्व यहां पर मंगलवार को प्राचीन हनुमान बगीची परिसर में किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान जितेन्द्र मित्तल की तरफ से विशाल भंडारा चलाया गया। भंडारे से पहले विश्व कल्याण की मंगलकामना को लेकर हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक किरयाणा-परचून के प्रमुख व्यापारी व जाने-माने समाजसेवी लाला भगवतप्रसाद मित्तल बैसिया के अनुसार भंडारे आयोजन से पहले किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान जितेन्द्र मित्तल ने अपने परिवार समेत प्राचीन हनुमान बगीची स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में बजरंग बली श्री हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना उपरांत हवन आयोजित किया, जिसमें मौजूद लोगों ने हवन में आहुतियां डाली। भंडारे में किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान जितेन्द्र मित्तल व उनके कुटुंब के परिजनों, मित्र मंडली, सहयोगियों, स्वयंसेवकों तथा आमंत्रितजनों ने बढ़-चढे र हिस्सा लेते हुए हाथ बंटाया। भंडारे में महिलाओं ने भी खासी तादाद में हिस्सा लिया। भंडारे से पूर्व श्री हनुमान मंदिर में हवन-यज्ञ एवं पूजा पाठ भी की गई। तत्पश्चात लोगों को पंक्तिबद्ध बैठाकर सुरूचि प्रसाद वितरित किया गया।

धार्मिक आयोजन | सोहना के गांव धुनेला में मूर्ति स्थापना 2 को : राव सतपाल सिंह

माता-पिता की सेवा का जरूर मिलता है फल:सिंह

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

इंसान को माता-पिता की जीते जी सेवा के साथ-साथ नेक काम करने चाहिए , अच्छे आचरण व संस्कार से ही इंसान महान होता है

सोहना।नगरपरिषद के वार्ड-दो के तहत लगने वाले गांव धुनेला में सोमवार, 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी व दिवंगत प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती के मौके पर रंगारंग रागिनी प्रतियोगिता तथा मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन होगा। मंगलवार को उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति से जुड़े समाजसेवी राव सतपाल सिंह, राव मूलचंद ने बताया कि दादा भरत सिंह भरता और स्वर्गीय श्रीमती सुखिया देवी के नेक कार्यों को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए उनकी स्मृति मे सोमवार, 2 अक्टूबर को मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया गया है। उससे पहले उसी दिन प्रातः 8 बजे विश्वकल्याण की मंगलकामना को लेकर हवन-यज्ञ का आयोजन होगा। तत्पश्चात 9 बजे मूर्ति स्थापना आयोजन होगा। इसी मौके पर रंगारंग रागिनी प्रतियोगिता भी रखी गई है, जिसमें सपना चौधरी, समय सिंह भड़ाना, योगेश शर्मा, मंजू शर्मा, इंदरपाल जोहरी आदि विख्यात कलाकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में खटानापुरी, नेहड़ा, भामला समेत 250 गांवों के लोगों के साथ-साथ कई राज्यों से विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों को विशेष रूप से न्यौता दिया गया है। आयोजन को लेकर राव मीर सिंह, पूर्व सरपंच राव सतबीर सिंह, राव देविन्द्र यादव देवी, राव रतन सिंह, राव राजबीर सिंह, राव ओमप्रकाश, राव रामबीर, राव मोहरपाल, राव यशपाल, राव राजकुमार, राव टेकचंद, चंद्रपाल, पंकज, मोहित, इंद्रजीत यादव, ललित यादव लालू, बलजीत यादव, चाहित यादव, बिल्लू, सोहना अग्रवालसभा के पूर्व उपाध्यक्ष तथा व्यापारमंडल संघ के चीफ एडवाईजर उमेश अग्रवाल, अग्रवाल युवा नेता हर्ष गुप्ता, अर्चित दायमा, साहिल रावत, कृष्णपाल यादव रायसीनिया, हरविंदर सैनी, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर, किसान नेता चौधरी दयाराम सैनी, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला, आर्य समाज के मंत्री संजय आर्य नूनेहरा, गांव सिरसका से कर्मपाल बोकन आदि की अगुवाई में 51 उप-समितियां बनाई गई है, जिनमें से कुछ समितियां क्षेत्र के गांवों में तो कुछ समितियां दूर-दराज स्थानों पर जाकर आमंत्रितों को सपरिवार समेत आने का न्यौता दे रही है। राव मीर सिंह, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह, राव सतपाल सिंह, राव मूलचंद, देविन्द्र सिंह देवी आदि ने बताया कि आयोजन को लेकर जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। आयोजन बड़े पैमाने पर होने के कारण खेतों में खड़ी बाजरे की फसल को हटाकर खेतों को समतल बनाया जा रहा है। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। समारोह में अव्यवस्था ना बने, इसके लिए आवाजाही के अलग-अलग द्वार बनाए जा रहे है। राव मीर सिंह, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह, राव सतपाल सिंह, राव मूलचंद, देविन्द्र सिंह देवी ने माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी प्रभु भक्ति तथा सबसे बड़ा तीर्थ बताते हुए कहा है कि जो भी व्यक्ति अपने माता-पिता की सेवा करता है, उसे सेवा का फल अवश्य मिलता है क्योकि माता-पिता की दिल से दी गई दुआएं अवश्य ही काम आती है। उन्होने कहा कि आज भौतिकवाद के इस युग में ऐसा भी देखने को मिल रहा है कि पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध से वशीभूत होकर युवक माता-पिता के प्रति अपने कर्तव्य और दायित्व को भूल रहे है जबकि हमारी प्राचीन संस्कृति यही सीख देती है कि हमें प्रतिदिन सर्वप्रथम उठते ही माता-पिता के चरणस्पर्श करने चाहिए। उनका सम्मान करना चाहिए। आशीर्वाद लेना चाहिए। उनके प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों को हर्गिज नही भूलना चाहिए क्योकि प्रत्येक मां-बाप अपने बच्चे को सुखी, समृद्धिशाली और फलता-फूलता देखकर खुश होता है। उन्होने युवाओं को माता-पिता के प्रति बच्चों के कर्तव्य का बोध कराते हुए कहा कि माता-पिता की महिमा अपरम्पार है। सच्चे मन से माता-पिता की की गई सेवा मानव जीवन को धन्य कर देती है। इंसान को माता-पिता की जीते जी सेवा के साथ-साथ नेक काम करने चाहिए।

चोरी किए गए पटाखों समेत 4 आरोपी गिरफ्तार

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सीआईए पुलिस ने मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर मंगलवार को एक पटाखा गोदाम से लाखों रुपए की कीमत वाले पटाखे चोरी करने के आरोप में 4 आरोपियों को चोरी किए गए पटाखों समेत पकडने् में कामयाबी पाई है। आरोपियों की निशानदेही पर एक स्थान से पुलिस ने पटाखों की चोरी की गई सभी पेटियां बरामद कर ली

श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक ने परिवेदना समिति की

अंदर देखे

पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई लागू

अंदर देखे

खबर फटाफट

जूस पिलाकर डा. परमेश्वर अरोड़ा ने लोगों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

गुरुग्राम। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त हरियाणा अभियान के तहत समाजसेवी डा. परमेश्वर अरोड़ा ने अर्जुन नगर, मदनपुरी, रामनगर क्षेत्र में लोगों को जूस पिलाकर नशामुक्ति की शपथ दिलाई और उन्हें जागरुक किया। डा. परमेश्वर अरोड़ा ने बताया कि उन्होंने इस अभियान को 21 जुलाई से शुरु किया है। अब तक चलाए गए अभियान के दौरान उन्होंने लोगों को नेत्रदान, रक्तदान आदि के लिए जागरुक किया। इस दौरान नेत्रदान करने का लोगों ने संकल्प लिया और फार्म भरे। उन्होंने बताया कि वह पिछले 5 दिनों से लोगों को जूस पिलाकर उन्हें नशामुक्ति के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी बोधराज सीकरी ने पहुंचकर कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर दिनेश कुमार अरोड़ा, नीतू सिंह, विशाल ढींगरा, रजनीश, वेदप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

जेल में बंद आरोपी को सिम उपलब्ध कराने के मामले में युवक गिरफ्तार

गुरुग्राम। जेल में बंद आरोपी को मोबाईल सिम उपलब्ध कराने वाले एक और युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 अगस्त को थाना भोंडसी में एक शिकायत उप-अधीक्षक जेल द्वारा दी गई कि जिला जेल भोंडसी में तलाशी के दौरान 3 बंदियों से मोबाईल फोन, चार्जर व इयरफोन बरामद किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक युवक प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में 2 आरोपियों प्रवीण व विशाल को पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तक इस मामले में कुल 3 युवक गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता में आकांक्षा ने जीता स्वर्ण पदक

गुरुग्राम। ज्योति पार्क निवासी 13 वर्षीया आकांक्षा ने रोहतक के राजीव गांधी खेल परिसर स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित खेलो इंडिया आरईसी उत्तरी प्रोग्राम जूनियर व सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले व परिवार का नाम रोशन किया है। कोच सुनीता यादव व राजेश जाखड़ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गुरुग्राम की विभिन्न खेल संस्थानों के 10 बच्चों ने भाग लिया। 52 से 55 किलो भार वर्ग में आंकाक्षा ने प्रतियोगिता में शुरु से ही बेहतर प्रदर्शन किया। जिसका परिणाम यह रहा कि उसने स्वर्ण पदक हासिल किया।

एचआर98एम नई सीरिज 28 से शुरू

गुरुग्राम। बादशाहपुर के एसडीएम एवं वाहन पंजीकरण के लिए अधिकृत रजिस्ट्रिंग अथॉरिटी सतीश यादव ने बताया कि सरकार की हिदायत अनुसार 28 सितंबर से एचआर98एम नई सीरिज शुरू हो रही है। उन्होंने बताया कि इस नई सीरिज में अपने वाहनों का पंजीकरण करवाने के इच्छुक व्यक्ति 28 सितम्बर वीरवार से आवेदन कर सकते हैं। किसी व्यक्ति संस्था को अपनी पसंद का नंबर लेना है तो वह स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अपनी फाईले जमा करवा सकते हैं।

कैनरा बैंक ने धनवापुर गांव में खोली बैंक शाखा

गुरुग्राम। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की अत्याधुनिक सुविधाएं मिल सकें, इसके लिए बैकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी अधिक से अधिक शाखाएं खोलने की योजना बनाई हुई है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के धनवापुर गांव में कैनरा बैंक द्वारा अपनी शाखाओं का विस्तार करते हुए गुडे ांव क्षेत्र की 63वीं शाखा खोल ली है। जिसका उद्घाटन सहायक महाप्रबंधक चंदर सिंह तोमर ने वयोवृद्ध ग्रामीणों द्वारा कराया। उन्होंने बताया कि यह यह गुरूग्राम शहर की 21वीं शाखा है। यह शाखा धनवापुर और आसपास के गांव के लोगो की सेवा करेगी एवं लोगों की बैंकिंग संबंधी सभी जरूरतों को पूरा करेगी। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि बैंक शाखा में खाते खुलवाकर बैंक की विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाएं।

आवश्यकता है

गुरुग्राम नगर निगम के हर वार्ड में

दैनिक भरोसा मित्र

हिंदी दैनिक

के लिए रिपोर्टर / अंशकालिक संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि।

इच्छुक साथी संपर्क करें।

8222001000, 9958469846

अधिवक्ता ओपिनियन मेकर, इनके हर वाक्य से आमजन में पैदा होता है विश्वास : धनखड़

बोले, कार्यकर्ता आगामी चुनाव 2024 में पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने में जुट जाएं

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि अधिवक्ता देश की दशा व दिशा को आमजन तक सही रूप से पहुंचाने का काम करता है। अधिवक्ता एक ओपिनियन मेकर है, जिसके हर वाक्य पर आमजन में विश्वास पैदा होता है। विधि प्रकोष्ठ राजनीतिक दल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए इसके कार्यकर्ता आगामी चुनाव 2024 में पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने में जुट जाएं। प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ मंगलवार को गुरुग्राम जिला अदालत परिसर स्थित शादी लाल हॉल में आयोजित भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सम्मेलन में शामिल हुए और विधि प्रकोष्ठ की भाजपा में भूमिका को लेकर विस्तार से अपनी बातें रखी। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया, वहीं जिला बार एसोसिएशन की पूर्व महासचिव सुमन दहिया ने महिला अधिवक्ताओं की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया और नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के पास होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। भाजपा जिला विधि प्रकोष्ठ की तरफ से फ्री लीगल सैल कैंप भी लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता नरेंद्र गुर्जर ने की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम जनता वकीलों के पास आती है, ऐसे में सभी अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी बन जाती है कि वे सरल भाषा में लोगों को कानूनी जानकारी दें। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपना दायरा बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि खाली समय में भलाई के ज्यादा से ज्यादा काम करें। जिलों में लगाई जा रही लोक अदालतों पर बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि लोक अदालतें कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोगों को आम सहमती से न्याय मिल रहा है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक नरेंद्र गुर्जर, प्रवीन पाहुजा, जिला बार की पूर्व महासचिव सुमन दहिया, सीनियर एडवाकेट संदीप अनेजा, हेमंत शर्मा, संजीव चौधरी, सुभाष ग्रोवर, हिमांशु गंभीर, सतीश खटाना, मुकुल शर्मा, हेमंत शर्मा, कविता चौहान आदि सीनियर वकील उपस्थित थे।

कहां गए निगम के 5000 से अधिक कर्मचारी : डावर

कहां गए सफाई के नाम पर करोड़ों का बजट बनाने वाले अधिकारी : पंकज

आखिर धरने पर क्यों बैठे हैं सफाई कर्मचारी, सरकार कर्मचारियों की मांग क्यों नहीं करती है पूरी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। साइबर सिटी गुडे ांव को साफ सुथरा रखने के लिए नगर निगम हर महीने करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रहा है बावजूद इसके साइबर सिटी में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, यहां कोई भी ऐसी कॉलोनी नहीं, कोई भी ऐसा निगम का वार्ड नहीं जहां कूड़े का ढेर ना लगा हो, मंगलवार को फिरोज गांधी कॉलोनी में लगे कूड़े के ढेर के पास हरकेश प्रधान के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर समेत क्षेत्र के अन्य लोग पहुंचे और सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की, इस मौके पर क्षेत्र के पार्षद धर्मबीर भी मौजूद रहे।

इस मौके पर पंकज डावर ने मौजूदा सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि नगर निगम में रोल पर 3200 कर्मचारी और करीब इतने ही कर्मचारी ठेके पर कार्यरत है जिस निगम में मात्र 35 वार्ड है उस नगर निगम में 5000 से भी अधिक सफाई कर्मचारी है जो आए दिन धरना प्रदर्शन पर बैठे नजर आते हैं, जब सरकार सफाई व्यवस्था को लेकर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है तो इन कर्मचारियों की मांग आखिर पूरी क्यों नहीं करती। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है साइबर सिटी में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई है, हर चौराहे पर, कूड़े के बड़े-बड़े ढेर देखने को मिलते हैं, इसके अलावा भाजपा ने जिस चीनी कंपनी को कूड़ा रीसायकल और कूड़ा उठाने का ठेका दे रखा है उस कंपनी की गार्डे ां भी समय पर घरों से कूड़ा नहीं उठा रही है, आखिर निगम के अधिकारी सफाई व्यवस्था को लेकर नींद से कब जाएंगे।

इस मौके पर हरकेश प्रधान ने कहा कि फिरोज गांधी कॉलोनी कोई पहली कॉलोनी नहीं है जिस कॉलोनी में कूड़े का ढेर लगा हो, शहर में कोई भी ऐसी कॉलोनी नहीं बची है जहां कूड़े का देर नहीं लगा है, सडे ों पर, चौराहों पर, बाजारों में, हर जगह कूड़े का ढेर देखने को मिल रहा है और यह पहला दिन या पहली बार नहीं है कि यहां कूड़े का ढेर लग रहा हो पिछले कई सालों से साइबर सिटी गुडे ांव की यही स्थिति और सफाई की यही व्यवस्था है।

इस मौके पर कैप्टन जगदीश सिंह प्रसाद,महेंद्र सिंह मास्टर, सुभाष खटाना, खेमचंद किराड़, सुरजीत सिंह, मुकेश कुमार, ओमप्रकाश खैरेरा, अनु प्रधान, सुरेंद्र कुमार, सुरेश सेठ, अमित बहोत,मनोज आहूजा,मिंटू सागवान, रमेश प्रधान, राजेश देवी, पूनम, रोशनी देवी, विमला, सीमा, शांति, निर्मला, रंजना, अंगूरी, बाला, भागवत किराड समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त आयुक्त ने ली बैठक

सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को लगाई फटकार

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डॉ नरेश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को तलब किया और सफाई व्यवस्था को लेकर मिल रही शिकायतों के लिए जमकर फटकार लगाई है। बता दे की नगर निगम गुरुग्राम में करीब 3200 कर्मचारी निगम रोल पर है; विभाग को नगर निगम के लगभग सभी वार्डो से शिकायत मिल रही है कि कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं जा रहे हैं, जिसको लेकर संयुक्त आयुक्त डॉ नरेश कुमार ने ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं जो रोजाना अपनी पूरी ड्यूटी नहीं करते और ड्यूटी से नदारत रहते हैं। बता दे की नगर निगम गुरुग्राम में सफाई कर्मचारी समय-समय पर अपनी किसी न किसी मांग को लेकर धरने पर बैठ जाते हैं, कुछ चंद कर्मचारियों के बहकावे में आकर कर्मचारी ड्यूटी छोडे र धरने प्रदर्शन और अन्य कार्यक्रमों में सम्मिलित होते हैं, ऐसी स्थिति में शहर में सफाई व्यवस्था खराब होती है और शहर के अलग-अलग स्थान पर गंदगी फैलने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, इन समस्याओं को देखते हुए अब नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ नरेश कुमार ने सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं, नगर निगम आयुक्त ने साफ कर दिया है कि जो कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं जा रहे हैं उनका वेतन रोकने और अगर वह काम पर वापसी नहीं करते और व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं करते तो उनके खिलाफ संबंधित कार्रवाई की जाएगी।

एडीसी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक

गुरुग्राम। जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की त्रैमासिक बैठक एडीसी हितेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अनुसूचित जाति व जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत दर्ज 14 केसों में जिला कल्याण अधिकारी द्वारा पीड़ितों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता बारे समीक्षा की गई। लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस बैठक में जिला कल्याण विभाग के अधिकारी व पुलिस विभाग सहित अन्य गैर - सरकारी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी जगदेव से विस्तृत जानकारी लेने उपरान्त एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा कि इस एक्ट का उद्देश्य पीड़ित वर्ग को ना केवल कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना है बल्कि उनकी आर्थिक मदद करना है। उन्होंने बैठक में उपस्थित पुलिस के अधिकारियों से कहा कि इस एक्ट की प्रभावी ढंग से पालना के लिए जरूरी है कि थाने में मामला दर्ज होते ही इसकी सूचना जल्द से जल्द संबंधित विभाग तक पहुंच जाए ताकि पीड़ित व्यक्ति की नियमानुसार सहायता की जा सके। एडीसी ने कहा कि ऐसे मामलों में सरकार कानूनी व आर्थिक मदद करती है ।

सेवा पखवाड़े के तहत लगाए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा खांडसा रोड स्थित कथूरिया अस्पताल, केके क्लिनिक चकरपुर और पटौदी में 3 मेगा स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया और मरीजों को चश्मा वितरित किया। उन्होंने प्रकोष्ठ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा सदैव आमजन के हितों के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हो रहा है। विकास की गति को तेजी मिली है। आज पूरा विश्व भारत का लोहा मान रहा है। जिला संयोजक डॉ. हनीश बजाज ने कहा कि प्रकोष्ठ की टीम स्वास्थ्य क्षेत्र में जनता की यथासंभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कथूरिया अस्पताल के निदेशक डा. अशोक कथूरिया ने नए गायनी विभाग की शुरुआत की। इस अवसर पर डा. रेखा कथूरिया, डा. एमएस गर्ग, डा. हरिओम, डा. इरा शर्मा, डा. विजय कपूर, डा. शिवी, डा. रामबीर, डा. योगेश तनेजा, डा. अमिताभ यादव, डा. शिवम, दीपक, डा. पुष्पा बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

सुशांत लोक में लगे 6 बिजली ट्रांसफार्मर, 11 और लगेंगे : सिंगला

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। विधायक सुधीर सिंगला ने सुशांत लोक क्षेत्र में बिजली के ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। इन ट्रांसफार्मर से क्षेत्र में बिजली की समस्या में सुधार होगा। इस कार्य के लिए क्षेत्र के लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला का आभार जताया। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सुशांत लोक क्षेत्र में अब तक बिजली के 6 ट्रांसफार्मर लगा दिए गए हैं। जल्द ही 11 ट्रांसफार्मर और लग जाएंगे। इसके बाद क्षेत्र से बिजली की समस्या खत्म होगी। ये ट्रांसफार्मर लग जाने के बाद बिजली की ओवरलोडिंग कम होगी। बिजली सुचारू रूप से आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिजली को लगे बड़े स्तर पर काम हुआ है। आज बिजली के कट नहीं लगते। तकनीकी खराबी के कारण भले ही बिजली कुछ समय के लिए बंद की जाए, लेकिन अब प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि बिजली की सप्लाई को बेहतर बनाने के लिए बिजली सिस्टम को काफी सुधारा गया है। गुरुग्राम में बिजली की केबल खंभों से हटाकर अंडरग्राउंड की जा रही है। जगह-जगह पर इसके जंक्शन बॉक्स लगा दिए गए हैं। यह कार्य पूरा होने के बाद यहां बिजली में कोई बाधा नहीं आएगी। अधिकारियों, कर्मचारियों को चाहिए कि वे जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना आने दें। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, विष्णु खन्ना, वंदना जोशी, विजय गुप्ता, पीताम्बर, सुजाता गौर, अशोक डलवानी, श्राजेन्द्र सेठी, बिजली बोर्ड से जेई जयवीर व अन्य लोग मौजूद रहे।

बैठक | प्रशासन एवं आठ औद्योगिक संस्थानों के बीच हुआ एमओयू

शिक्षा व स्वास्थ्य को मिलेगी नई गति : निशांत कुमार

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम जिला सहित साथ लगते जिलों में शैक्षणिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे का विकास, खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, वर्षा जल प्रबंधन सहित स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों को लेकर मंगलवार को डीसी निशांत कुमार यादव जोकि हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के संयुक्त सचिव भी हैं की उपस्थिति में लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला प्रशासन व आठ विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के बीच एमओयू हुआ। इस दौरान हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन बोधराज सीकरी व एडिशनल सीईओ गौरव सिंह मौजूद रहे। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला प्रशासन के साथ हुए आठ महत्वपूर्ण एमओयू के तहत गुरुग्राम जिला सहित प्रदेश के अन्य जिलों में शिक्षा व स्वास्थ्य सहित खेल के क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को एक नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढांचे के विकास व खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पूरी गंभीरता के साथ धरातल पर कार्य किया जा रहा है। ऐसे में आठ संस्थानों के साथ हुए यह समझौता ज्ञापन निश्चित रूप से गुरुग्राम सहित अन्य जिलों में बदलाव के बड़े कारक बनेंगे। उन्होंने मंगलवार को हुए आठ एमओयू की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसमें डीएलएफ संस्थान की ओर से जिला पशुपालन विभाग को एक पशु एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं आरएसपीएल संस्थान द्वारा वर्षा जल संचयन प्रणाली में सहयोग किया जाएगा। इसी क्रम में जमालपुर ग्राम परियोजना व जिला झज्जर में स्वास्थ्य परियोजना के लिए पावरग्रिड का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला पुस्तकालय गुरुग्राम में लाइब्रेरी सह कौशल केंद्र की स्थापना के लिए रीड इंडिया व गांव घाटा स्थित सरकारी स्कूल के बुनियादी ढांचा विकास के लिए गुरुग्राम मिलेनियम सिटी राउंडटेबल के साथ समझौता ज्ञापन हुआ है। इसी प्रकार जिला के दो राजकीय विद्यालय में खेल सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए स्पोर्ट्ज़ विलेज फाउंडेशन द्वारा खेल उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। डीसी ने बताया कि आज हुए एमओयू में जिला नूहं में नेट क्रैकर टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से स्पिरुलिना-आधारित उत्पादों का कार्यान्वयन व निप्पॉन एक्सप्रेस द्वारा जिला भिवानी में स्थित मीठी गांव के राजकीय विद्यालय में बुनियादी ढांचों के विकास के कार्य किये जायेंगे।

बादषाहपुर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था चौपट, निगम अधिकारी मौन

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बेहाल हो गई है। निगम द्वारा सफाई के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च कर दिए जाते हैं, लेकिन निगम की इच्छाशक्ति की कमी के कारण जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। चारों ओर गंदगी व कूड़े के बड़े ढेर लगे हुए हैं। उक्त बात कांग्रेस ओबीसी विभाग के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश यादव बादशाहपुर ने कही। उन्होंने कहा कि बादशाहपुर-कादरपुर रोड पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है। कूड़े के ढेर में गौवंश घूमती रहती हैं, जिसके कारण कूड़ा सडे तक फैल जाता है। मात्र 50 कदम की दूरी पर राजकीय कन्या विद्यालय है। बेटियों को इस कूड़े के ढेर से होकर गुजरना पड़ रहा है। गांव मे चारों ओर गंदगी के ढेर लगे हैं जिससे बीमारियां फैल रही है। लोग बार बार सफाई की गुहार लगा रहे हैं लेकिन निगम अधिकारी सुनवाई तक नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बड़ी जोरशोर से स्वच्छता अभियान चलाया था, ऐसा लग रहा था, जैसे तुरंत शहर को गंदगी मुक्त कर देंगे। लेकिन अब वे नेता और अधिकारी कोई दिखाई नहीं देता। गौवंश के नाम पर वोट बटोरने का काम भाजपा ने किया, लेकिन गौवंश बेसहारा सडे ों पर घूम रही है। भाजपा ने केवल दिखावे का काम किया है। आमजन को मुसीबतें झेलनी पड़ रही हैं। राजेश यादव ने कहा कि गुरुग्राम निगम क्षेत्र को सफाई के ठेके देने के लिए 6 जोन में बांट दिया गया है जहां हर जोन में प्रतिमाह करोड़ों रुपयों का ठेका छोड़ा गया है। चीन की कंपनी इकोग्रीन को भी सफाई के नाम पर करोड़ों रुपयों का भुगतान किया जा चुका है लेकिन गुरुग्राम शहर साफ होने के बजाय निगम का खजाना साफ हो रहा है। राजेश यादव ने भाजपा सरकार से मांग की है कि जगह-जगह पड़ी हुई गंदगी को हटवाया जाए, गौवंश को समुचित स्थान उपलब्ध कराया जाए।

खबर फटाफट

गरीबों को बकरियां व रेहडी की भेंट, ग्रामीणों में खुशी

तावडू। उपमंडल के गांव उटोन, रंगाला, कालरपुरी, फतेहपुर व पाडा में एसबीआई फाउंडेशन की ग्राम सेवा परियोजना के तहत आजीविका सर्वर्धन के लिये 15 परिवारों को बकरी पालन और 5 परिवारों को फल-सब्जी, फास्ट फूड के लिये ठेली रेहडी भेंट की गई। इस दौरान ग्राम सेवा कमेटी ओर सरपंच द्वारा सभी को सलाह दी गई की इन से अपनी आजीविका के साधन में वृद्धि होगी। जो फाउंडेशन का गरीबों के हित मे बहुत ही अच्छा कदम है। इस दौरान अखिल भारतीय ग्रामिण उत्थान समिति से अनिल शर्मा, अशोक, विकास, गोपाल, सुरेश, सीमा आदि मौजूद रहे। वहीं लाभ प्राप्त करने वाले ग्रामीणों ने फांउडेशन का आभारत व्यक्त किया।

धार्मिक कार्य करने से मन की शांति मिलती है : प्रदीप खटाना

तावडू। क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप खटाना समाजसेवा के साथ-साथ धार्मिक आस्था बनाए हुए हैं। शहर के श्रीश्याम मंदिर में श्रीसांवरिया सेवा परिवार तावडू धाम के द्वारा आयोजित श्रीश्याम कीर्तन महोत्सव में मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे और 11 हजार रूपए अपने निजि कोष से मंदिर को अनुदान दिया।उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्य करने से उन्हें मन की शांति मिलती है। इस लिए वह धार्मिक व सामाजिक कार्यों में रूचि लेकर सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म में सभी धार्मिक व सामाजिक कार्य करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद करें। इस दौरान प्रदीप खटाना के साथ बीर सिंह, नरेश सरपंच, सन्नी खटाना, रवींद्र खटाना आदि मौजूद रहे।

सरकारी विद्यालय की टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रही प्रथम

तावडू । उपमंडल के गांव हसनपुर में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने डाईट मालब में हुई जिला स्तरीय नार्थन साईंस ड्रामा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिससे क्षेत्र व अभिभावकों

सहित स्टाफ में खुशी का माहौल है। यह जानकारी विद्यालय प्रवक्ता किरण यादव ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के दस सर्वश्रेष्ठ ब्लाक से आई टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि अब हसनपुर विद्यालय की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नूंह जिले को प्रदर्शित करेगी। इस प्रतियोगिता में कार्तिक, ध्रुव, हर्ष, निखिल, सैम, युग, मयंक, प्रतीक आदि प्रतिभागी भाग लेंगे। विद्यालय प्राचार्या सुमन ने सभी विद्यार्थियों को राज्य लेवल की अग्रिम शुभकमनाएं व उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राध्यापिका किरण यादव, इंदु बाला ने भी संयुक्त रूप से बच्चों की प्रसंशा कर उन्हें उन्नती का आशीर्वाद दिया।

हरियाणा वक्फ बोर्ड के इमामों की तनखवाहों में सालाना

पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई लागू

सैकड़ों ईमामों ने मुख्यालय में लड्डू बांट कर व प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन का आभार जताया

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। पिछले वर्ष हरियाणा वक्फ़ बोर्ड ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद व मार्गदर्शन में हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोश शाईन, भा.प्र.से. के नेतृत्व में हरियाणा वक्फ़ बोर्ड ने बोर्ड के ईमामों की तनख्वाहों में भारी बढोतरी की थी तथा इमदादी मस्जिदों की इमदाद में भी बढोतरी की थी। आज सदर मौलाना असरूद्दीन के नेतृत्व में सैंकड़ों ईमामों ने अंबाला मुख्यालय पहुंच कर प्रशासक चौश ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक को पगड़ी बांधकर व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनका, सी ई ओ मोहम्मद शाईन आई ए एस तथा अन्य अधिकारियों का धन्यवाद किया। इमामों ने ख़ासतौर पर हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा सरकार का धन्यवाद किया तथा आभार जताया।

तंजीम के सदर मौलाना असरुद्दीन ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कदम है तथा इसकी पहल करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है जहां इमामों को उचित वजीफा और वार्षिक वेतन मिलना बडी बात है बिना किसी प्रयास के सालाना 5त्न की बढ़ोतरी काबिल ए तारीफ है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहरलाल, चौधरी ज़ाकिर हुसैन व मोश शाईन का दिल की गहराईयों से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने चौधरी ज़ाकिर हुसैन को हरियाणा वक्फ़ बोर्ड की कमान सौंपी है वे बहुत प्रशंसनीय है क्योंकि चौधरी ज़ाकिर हुसैन से बेहतर अनुभव शायद ही किसी के पास है। उन्हें अच्छे-बुरे की पहचान है। जब से वे प्रशासक बने हैं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड बड़ी तेजी से तरक्की व विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नेतृत्व में बहुत जल्द हरियाणा वक्फ़ बोर्ड उन्नति व विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा। उन्होंने आज इस खुशी की मौके पर मुख्यालय पंहुचकर प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन को मिठाई खिलाकर उनका धन्यवाद किया है और जल्द ही तंजीम-आईमा-ए-ऑकाफ, हरियाणा द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

ईमामों व उलेमाओं का ओहदा सबसे ऊपर व अव्वल

हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने तंजीम-आईमा-ए-ऑकाफ द्वारा किए गए शानदार स्वागत के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सब हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री के आशीर्वाद व नेतृत्व में संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि उनके व उनके परिवार के लिए ईमामों व उलेमाओं का ओहदा सबसे ऊपर व अव्वल है। वे हमेशा ईमामों व उलेमाओं का दिल से मान-सम्मान करते हैं। हमने पिछले वर्ष तनख्वाहों में बढोतरी करते समय जो घोषणा की थी कि ईमामों की तनख्वाहों में सालाना 5 प्रतिशत की बढोतरी की जाएगी आज उसे बिना माँगे पूरा कर दिया है इसके लिए हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के सभी ईमामों के लिए मुबारक़बाद दी और उन्होंने सभी ईमामों से हरियाणा वक्फ़ बोर्ड की तरक्की व विकास के लिए दुआओं करने की अपील की। हुसैन ने कहा कि उनके वालिद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के अथक प्रयासों से ही हरियाणा वक्फ़ बोर्ड अस्तित्व में आया था। उन्होंने वक्फ़ बोर्ड के लिए अपने जीवन के महत्वपूर्ण 14 वर्ष दिए थे। वे भी अपने वालिद मरहूम के पदचिन्हों पर चलते हुए दिन-रात हरियाणा वक्फ़ बोर्ड की तरक्की के लिए प्रयासरत हैं। हुसैन ने कहा कि अब हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के हालात तेजी से सुधर रहे हैं। सभी अधिकारी बोर्ड की तरक्की के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं। उन्होंने आशा जताई कि माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बहुत जल्द हरियाणा वक्फ़ बोर्ड तरक्की के नए आयाम स्थापित करेगा।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वक्फ़ इंचार्ज अयाज महमूद, दीन मौश. लीगल इंचार्ज, असिस्टेंट इंजिनियर जाकिर हुसैन, अजमत खान ओ एस डी प्रशासक, इकबाल अहमद खान जोनल वक्फ़ अधिकारी, वेलफेयर ऑफिसर मुबारक खान, अब्दुल हफीज कमेटी अधिकारी, मौश आरिफ सेक्शन अधिकारी, अल्ताफ हुसैन सेक्शन अधिकारी, मौलाना असगर हुसैन, मौलाना जावेद, मौलाना नसीम, मौलाना कासिम, मौलाना स्वालिहीन, मौलाना मुबारक, मौलाना उमरदीन, मौलाना हिफ्जुर्रहमान, हाफिज तय्यब, हाफिज जान मौश, मौलाना अकमल, असलम, हाफिज फारूख आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

एक दिन में ही बंद हुई बाजरे की खरीद

किसानों में रोष, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शहर की नई अनाजमंडी में सरकारी खरीद ऐजंसी द्वारा समय से किसानों का बाजरा न खरीदे जाने से किसानों में रोष व्याप्त था। जिसको लेकर किसानों ने मंडी के गेट के बाहर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। लेकिन प्रशासन के आश्वासन पर जाम खोल दिया गया। जबकि किसानों का आरोप था कि सोमवार से बाजरे की सरकारी खरीद शुरू हुई और हैफेड ऐजंसी के मैनेजर नीरज यादव सही समय पर न पहुंच कर किसानों व व्यापारियों को परेशान कर रहे हैं।किसान कृष्ण कुमार, हारूण, सुलेमान, रहमू, जाकिर, अकबर, सुरेश कुमार, मामचंद, रामकिशन, शेर सिंह, लियाकत, विजय कुमार आदि ने बताया कि हैफेड मैनेजर नीरज यादव सोमवार को लगभग सवा 4 बजे बाजरे की खरीद के लिए मंडी में आए और औपचारिकता निभा कर 1-2 किसानों से बाजरे की खरीद कर इतिश्री कर दिया। किसानों का आरोप था कि वह कई वर्षों से उनसे दुखी हैं और कई बार प्रशासन से उनकी जगह किसी अन्य मैनेजर को बदलने की मांग कर चुके हैं। किसानों का कहना था कि नीरज यादव हर खरीद में किसानों को परेशान करते हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को 2 बजे

तक जब हैफेड मैनेजर मंडी में नहीं पहुंचे तो मजबूरन उन्हें जाम लगाना पडा। इसकी शिकायत उन्होंने एसडीएम कार्यालय में भी की है।वहीं दूसरी ओर पूर्व प्रधान सुभाष चंद गुप्ता व व्यापारी कालीचरण ने संयुक्त रूप में बताया कि हैफेड मैनेजर कभी भी समय पर सरकारी खरीद नहीं करते। उन्होंने बताया कि सरकारी खरीद के लिए अभी तक उन्हें बारदाना नहीं दिया गया। जबकि हैफेड की दुकान नई अनाजमंडी में ही है। लेकिन उसके बावजूद व्यापारियों को बारदाना पुरानी अनाजमंडी से अपने साधन से अपनी आडत पर लाना पडता है। यदि इस बारे में हैफेड मैनेजर से बारदाना नई अनाजमंडी में मांगा जाए, तो वह साफ मना कर देते हैं।हैफेड मैनेजर नीरज यादव ने बताया कि उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं। सरकारी खरीद के लिए अभी पीछे से बारदाना नहीं आया है। वहीं मंगलवार को वह पुन्हाना व नूंह अनाजमंडी में गए हुए थे। उन्होंने बताया कि उनकी डयूटी नूंह अनाजमंडी में भी लगाई हुई है। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि बारदाना आने पर व्यापारियों को बारदाना दे दिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने युवाओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित करने का किया आह्वान

डेडिकेटिड एईआरओ के साथ वीसी के माध्यम से की बैठक

नगराधीश गजेंद्र ड्क्षसह ने वोट बनवाने को युवाओं को प्रेरित करने का दिया आश्वासन

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा अनुराग अग्रवाल ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से डेडिकेटिड सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (एईआरओ) की बैठक ली। उन्होंने डेडिकेटिड एईआरओ को निर्देश दिए कि 18 से 19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं को स्कूल व कॉलेजों में जाकर वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें। स्कूल कॉलेज में कैंप लगाकर युवाओं के वोट बनवाएं तथा जागरूकता कैंप की फोटो जिला निर्वाचन कार्यालय में भिजवाएं। उन्होंने एईआरओ को निर्देश दिए कि

कॉलेज में छात्र-छात्राओं विशेषकर जो महिलाएं मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं है उनको पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं के परिवार के सदस्यों के वोट नहीं बने हैं उनके वोट बनवाने के लिए भी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करें। बैठक में नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र ड्क्षसह ने उन्हें जिले के युवाओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर निर्वाचन नायब तहसीलदार राजेंद्र हुड्डा व सभी डेडिकेटिड सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी मौजूद थे।

मांगों को लेकर दूसरे दिन भी भूख हडताल पर बैठे सफाई कर्मचारी

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शहर के पटौदी रोड पर स्थित नगरपालिका कार्यालय में सफाई कर्मचारियों ने दूसरे दिन मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर भूख हडताल पर रहे। इस भूख हडताल में आगामी 29 सितंबर तक हर रोज 5 कर्मचारी भूख हडताल पर बैठेंगे। यह जानकारी सफाई कर्मचारी संघ प्रधान मामचंद लुहेरा ने दी। उन्होंने बताया कि उनकी मांग है कि सफाई, सीवर, फायर, वॉटर सप्लाई, मैन पावर, एमई ब्रांच, सिविल वर्क, ऑफिस कार्यों में ओएडएम हकरन व डोर टू डोर के ठेकों को समाप्त कर रोल पर किया जाए। दैनिक वेतन भोगी, विभिन्न प्रकार के ठेका प्रथा में कार्यरत हकरन के कर्मचारियों व पार्ट-1, पार्ट-2 अनुबन्धित आधार पर लगे सभी सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों, बेलदारों, मैशन, रोडगेट, माली,

ड्राइवर, ट्युबवेल हेल्पर व पालक, इलेक्ट्रीशन, जेई, सहायक सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक, चौकीदार, बिल डिस्टीब्यूटर, चपरासी, टिप्पर ऑटो ड्राईवर के लिए पॉलिसी बनाई जायें व एक मुस्त पक्का किया जाये। उन्होंने इस दौरान बहुत सी मांगे रखी हैं।

10 साल पुराने आधार कार्ड को करवाएं अपडेट: धीरेंद्र खड़गटा

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से 10 साल पुराने आधार कार्ड जो बैंक खातों, बिजली कनेक्शन, स्कूल दाखिले, फैमिली आईडी, पेन कार्ड, वोटर कार्ड व आयकर अकाउंट से लिंक हैं, को अपडेट किया जा रहा है। उपायुक्त धीरेंद्र खडग्टा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आधार कार्ड भारत में निवासियों की पहचान के सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत प्रमाण के रूप में उभरा है। यह जिलासियों के हित में है कि वे अपने आधार को पहचान के वर्तमान प्रमाण और पत्ते के प्रमाण के साथ अपडेट रखें। बड़ी संख्या में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं और वित्तीय संस्थान जैसे बैंक और एनबीएफसी ग्राहकों को प्रमाणित करने और ऑनबोर्ड करने के लिए आधार का उपयोग करते हैं। उन्होंने जिलावासियों से आग्रह किया कि वे आधार विवरण में अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के साथ-साथ 5 और 15 वर्ष

डीसी बोले, आधारकार्ड में वर्तमान प्रमाण व पत्ते के प्रमाण को किया जाएगा अपडेट

की आयु के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक भी अवश्य अपडेट करवाएं। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड अपडेशन के लिए आधार कार्ड धारक को निर्धारित शुल्क 50 रुपए का भुगतान करना होगा। उपायुक्त ने बताया कि आधार ऑपरेटरों को निर्देश दिए गए है कि आधार कार्ड अपडेशन के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा इस बात का ध्यान रखें कि आधार में नाम, जन्म-तिथि, पता सहित अन्य विवरण सही से दर्ज हो ताकि आधार कार्ड धारक को बाद में किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने आधार कार्ड के दस्तावेज अपलोड करने का शुल्क निर्धारित किया है। जिसके मुताबिक एक आधार कार्ड के दस्तावेज अपलोड करवाने पर 50 रूपए बतौर शुल्क भुगतान करना होगा। अधिक शुल्क वसूली की शिकायत मिलने पर ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई के डाटा के मुताबिक जिला नूंह में बहुत से ऐसे नागरिक हैं, जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में आधार में अपने दस्तावेज अपडेट नहीं किए हैं। इसलिए उन्होंने आधार धारकों से आग्रह किया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में अपने आधार को अपडेट नहीं किया है, वे पहचान के प्रमाण (पीओआई) तथा पते के प्रमाण (पीओए)के वैध सहायक दस्तावेजों के साथ आधार को माई आधार पोर्टल या एम आधार ऐप के माध्यम से ऑनलाइन या निकटतम आधार केंद्र पर जाकर अपडेट करवाएं। उन्होंने बताया कि किसी भी शिकायत या सुझाव के लिए 1947 डायल करें ।

एक अक्टूबर को स्वच्छता अभियान में करें श्रमदान

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिले के गांवों में आगामी एक अक्टूबर को दस बजे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत श्रमदान की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।इसके तहत गांवों में गलियों, नालियों व महत्वपूर्ण स्थलों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा और एकल उपयोग (सिंगल यू) प्लास्टिक के रोकथाम के लिए ग्राम वासियों को जागरूक किया जाएगा।उन्होंने बताया कि हम सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा अपने आसपास के क्षेत्र में सफाई रखनी चाहिए। इसके लिए समय-समय पर स्वयं भी श्रमदान करें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अहलावत ने बताया कि इस दिन गांवों में घरेलू स्तर पर निकलने वाले गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने बारे जागरूक भी किया जायेगा तथा स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा घर-घर (डोर टू डोर) कचरा प्रबंधन हेतु लोगों को जागरूकता रैली निकाल कर जागरुकता की जायेगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों, खंड समन्वयकों तथा ग्रामीण लोगों, स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राओं, नेहरू युवा केन्द्र के वालिंटियर, विधायक, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, चौकीदार, नम्बरदार, सफाई कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा ।

बैठक अतिरिक्त उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री घोषणा कार्यों की समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री घोषणा कार्यों को तत्परता से पूरा करें अधिकारी: रेनू सोगन

कहा, विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें संबंधित अधिकारी

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा कार्यों को संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ प्राथमिकता से पूरा करना सुनिश्चित करें। यदि किसी सीएम घोषणा में किसी स्तर पर कोई दिक्कत आती है, तो उन्हें अवगत करवाया जाए, ताकि मुख्यालय स्तर पर बातचीत कर उसका समाधान करवाया जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में मुख्यमंत्री घोषणा कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दे रही थी। उन्होंने सीएम घोषणाओं की समीक्षा के तहत उन कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट ली, जो कार्य अभी पेंडिंग चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य पेंडिंग नहीं रहना चाहिए तथा प्रत्येक कार्य की फिजिबिलिटी देखते हुए उसे जल्द शुरू करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं सीएम घोषणा कार्यों की समीक्षा करते हैं। इसलिए सीएम घोषणा कार्यों पर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से कार्रवाई करें और निर्धारित समय अवधि में इन कार्यों को पूरा करवाएं ताकि जनता को विकास कार्यों का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। इसके साथ-साथ विकास कार्यों के निर्माण में उच्च गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

रेनू सोगन ने कहा कि सभी विभाग संबंधित मुख्यमंत्री घोषणा कार्यों की स्टेटस रिपोर्ट को अपडेट अवश्य

करवा लें। जो कार्य मुख्यालय स्तर पर लंबित पड़े हैं, उसके लिए सभी विभागाध्यक्ष अपने उच्चाधिकारियों से तालमेल बनाते हुए सभी अड़चनों को दूर करवाएं और यदि फिर भी किसी अधिकारी को कोई दिक्कत आती है तो मामला उनके संज्ञान में लाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी विकास कार्य फिजिबल है, उन्हे जल्द पूरा करवाया जाए तथा जो कार्य किसी कारण से फिजिबल नहीं है, तो उनकी भी रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक सही तरीके से पहुंचाने में अधिकारियों की मुख्य भूमिका है। ऐसे में संबंधित विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से करते हुए लोगों को लाभांवित करें, जिससे की केंद्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सभी सरकारी योजनाओं की क्रियांवित करने के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यत- पंचायत, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य, शिक्षा, एचएसएएमबी व उच्च शिक्षा विभाग संबंधी पेंडिंग घोषणाओं की समीक्षा की तथा इन्हें जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसीयूटी राहुल, महाप्रबंधक रोडवेज एकता चोपड़ा, नल्हड़ मेडिकल कालेज के निदेशक डा. पवन गोयल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

पुनहाना चौकी प्रभारी एसआई से बने इंस्पेक्टर

एसपी ने सुनील को इंस्पेक्टर बनने पर बैज लगाकर दी बधाई

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। पुन्हाना चौकी प्रभारी एसआई सुनील कुमार की पदोन्नति पर मेवात के पुलिस कप्तान नरेन्द्र बिजारणियां ने सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर बनने पर उन्हें बैज लगाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मेवात पुलिस कप्तान ने पुनहाना चौकी प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस को जनता की सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए जिससे अपराधियों में पुलिस के प्रति भय रहे। आपको बता दें कि पुलिस विभाग में 34 साल के कार्यकाल में एसआई सुनील कुमार इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पुलिस विभाग में अभी जनता की सेवा करने के

लिए लगभग 3 साल का समय बाकी है। इस समय पुनहाना चौकी प्रभारी रहते हुए उन्होंने अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाते हुए पुनहाना शहर में चोरी की वारदातों को रोकने में पूरी तरह सफलता प्राप्त की है। इतना ही नहीं जुआ, सट्टा, अवैध शराब की बिक्री पर लगाम लगाने के साथ साथ नशे के खिलाफ़ भी आभियान चलाकर उन्होंने शहर में नशे के कारोबारियों को सलाखों के पीछे भिजवाने का काम किया है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने अपनी 34 साल की नौकरी में अब तक ईमानदारी और बहादुरी से काम करते हुए पुलिस विभाग में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इंस्पेक्टर बनने पर सुनील कुमार को जहां मेवात के पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारनिया ने बधाई दी वहीं पुनहाना चौकी सहित पिनगवां और पुनहाना शहर के लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी।

खबर फटाफट

30 सितंबर तक पूरा प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने मिलेगी छूट

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 30 सितंबर तक प्रॉपर्टी टैक्स की पूर्ण अदायगी करने पर वर्ष 2023-24 के प्रोपर्टी टैक्स में छूट देने का निर्णय लिया है, जिसस शहरी क्षेत्रों में रहने वाले वर्ग को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिन शहरी नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की ओर से दिए जा रहे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सरकार की ओर से प्रॉपर्टी डाटा सत्यापित करने पर वर्ष वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की विशेष छूटी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी डाटा में किसी भी प्रकार की त्रुटि के निवारण के लिए प्रॉपर्टी धारक पॉर्टल पर स्वयं ही आवेदन कर त्रुटि दूर होने उपरांत प्रॉपर्टी डाटा सत्यापित कर सकते हैं।

डीसी ने कहा कि हरियाणा में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाइन हो चुका है। प्रॉपर्टी टैक्स की ब्याज राशि में छूट का लाभ अधिकतम प्रॉपर्टी धारक लोगों को मिले इसके लिए सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अन्य नागरिकों को भी प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करें ताकि वे सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की तरफ अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर योजना का लाभ उठाएं।

भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

सोहना । दौहला रोड स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में मंगलवार को 'ईश्वर चंद विद्यासागर' जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम कौशिक के अनुसार कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक समिति के चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक मुख्यातिथि रूप में मौजूद रहे। मुख्यातिथि पद से बोलते हुए विद्यालय प्रबंधक समिति के चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने उपस्थित लोगों व विद्यार्थियों के बीच महान समाज सुधारक बाबू ईश्वर चंद विद्यासागर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति और देशभक्ति की भावना उनमे कूट-कूट कर भरी हुई थी और मात्र 19 वर्ष की आयु में लॉ कमेटी की परीक्षा उतीर्ण कर अपनी प्रतिभा का डंका बजाने वाले ईश्वर चंद विद्यासागर असाधारण प्रतिभा के धनी थे। इस मौके पर शिक्षा समिति उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल ने उपस्थितों के बीच विशिष्ठ अतिथि पद से बोलते हुए कहा कि सदैव समाज सुधार, शिक्षा के प्रचार-प्रसार में रत विद्यासागर के प्रयासों से ही 19 जुलाई, 1958 में विधवा विवाह कानून पास हो पाया था। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा और समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ भी अभियान चलाए थे।

अभिनेता देवानंद की मनाई गई जयंती

सोहना । यहां पर मंगलवार को सोहना हलका के गांव भौंडसी स्थित व्हाईट रॉक परिसर में समाजसेवी चौधरी धर्मबीर डागर की सरपरस्ती में सदाबहार अभिनेता रहे देवानंद की जयंती पर हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। इस मौके पर अभिनेता देवानंद के प्रशंसकों में जाने-माने युवा समाजसेवी गांव महेन्द्रवाड़ा के पवन शर्मा, जजपा युवा के हलका अध्यक्ष दीपक डागर, इंजीनियर रोकी डागर, अलीपुर ग्रामपंचायत की महिला सरपंच पूनम डागर, भूपेन्द्र सिंह डागर, गांव भौंडसी के रहने वाले सतेन्द्र राघव, भाजपा के भौंड़सी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, ब्लाकसमिति उपचेयरमैन रहे राजेश राघव, नयागांव ग्रामपंचायत सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह आदि प्रमुख व्यक्ति व आमंत्रित लोगों ने बढ़-चढे र हिस्सा लिया। हवन-यज्ञ उपरांत भंडारा चलाकर प्रसाद वितरित किया गया और अत्यंत गरीब, घूमंतू, जरूरतमंद बच्चों को पेन, पेंसिले, कापियां, फल वितरित किए गए। विक्की गोदारा व सन्नी गोदारा की अगुवाई में आज प्रात- मंदिर में लडडू बांटे। इस अवसर पर लोकेश अग्रवाल, संजय आर्य, विकास गोदारा, संजीव गुप्ता, मुकेश सिंगला के अलावा खासी तादाद में अभिनेता देवानंद के चहेते लोग मौजूद थे।

जजपा गांव-गांव जाकर जताएगी कार्यकर्ताओं का आभार

सोहना । जजपा युवा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर तथा जजपा युवा के हलका अध्यक्ष दीपक डागर अलीपुरिया का कहना है कि जजपा की राजस्थान के सीकर में ताऊ देवीलाल जयंती पर आयोजित की गई प्रदेशस्तरीय रैली में सोहना हलका से लोगों के अनुमान से ज्यादा शिरकत करने पर जहां जजपा कार्यकर्ता खासे उतसाहित है, वही जजपा कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों का आभार जताने का फैसला लिया है। उन्होने बताया कि जजपा कार्यकर्ता एक अक्टूबर से पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों की अगुवाई में गांव-गांव जाकर राजस्थान के सीकर रैली में शामिल होने वाले ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं व युवाओं का आभार जताते हुए फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन करेगी।

बिना शिकायत धारुहेड़ा थाने में युवक-युवती की पिटाई मामला, एसपी की जांच के बाद

एसआई सहित महिला कांस्टेबल और एसपीओ पर केस दर्ज

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। जिले के धारुहेड़ा थाना में बिना किसी शिकायत के एक युवक और युवती की पिटाई करने करने के मामले में थाना के एक एसआई, महिला हेड कांस्टेबल तथा एसपीओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को मामले की शिकायत दी गई थी। जिसके बाद एएसपी ने मामले की जांच की थी। पीड़िता ने सब इंस्पेक्टर पर थाने के भीतर छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार जिले के कस्बा धारुहेड़ा निवासी एक युवती ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि गत 12 जुलाई को उसके एक परिचित युवक की कॉल आई तथा उसे धारुहेड़ा थाना में बुला लिया। सूचना के बाद युवती थाना धारुहेड़ा पहुंची तो युवती का परिचित युवक तथा उसकी पत्नी दोनों थाने में बैठे हुए थे। एसआई ने युवक की तरह उसे भी थाने में पीटने की धमकी दी।

युवती ने आरोप लगाया कि उसके थाने में पहुंचते ही वहां तैनात सब इंस्पेक्टर ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए जातिसूचत शब्द बोलना शुरु कर दिया। एसआई ने युवती पर उसके परिचित युवक का घर खराब करने का आरोप लगाया तो युवती ने इसका विरोध किया। इसके उपरांत एसआई ने तीन महिला पुलिसकर्मियों को बुला लिया। महिला पुलिसकर्मी युवती को एक कमरे के अंदर ले गए। युवती के अनुसार पुलिसकर्मियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की, जिसके चलते उसकी तबियत भी खराब हो गई।

युवती ने शिकायत में आरोप लगाया कि इसके उपरांत आरोपी एसआई कमरे में आया तथा महिला पुलिसकर्मियों को बाहर भेज दिया। एसआई ने गलत नीयत से उसे छुआ व छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं थाने में ही एसआई ने युवती से परिचित युवक के हाथ पर जबरदस्ती राखी बंधवाई तथा युवक से उसे एक हजार रुपये भी दिलवाए। बाद में वो एक हजार रुपये एसआई ने ही ले लिए। युवती का यह भी आरोप है कि एसआई ने उसे दोबारा धारुहेड़ा में दिखाई देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए वहां से भगा दिया। थाने से आने के बाद युवती की हालत बिगड़ गई। जिसके चलते उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित युवती ने 14 जुलाई को इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन से की। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को इस मामले की जांच सौंपी। एएसपी की जांच में पाया गया कि इस मामले में थाना में किसी की भी ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई थी। थाने में युवक से भी मारपीट करना पाया गया। बगैर किसी शिकायत के सभी को थाने में बुलाना पाया गया। जांच के उपरांत एएसपी द्वारा मामले की पूरी रिपोर्ट एसपी को सौंप दी गई। रिपोर्ट के उपरांत पीड़िता की शिकायत पर धारुहेड़ा थाना में तैनात एसआई, महिला हेड कांस्टेबल तथा स्पेशल पुलिस ऑफिसर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

10 सब इंस्पेक्टर बने इंस्पेक्टर

रेवाड़ी। जिला पुलिस के दस सब इंस्पेक्टर को पदोन्नति देकर इंस्पेक्टर बनाया गया है। सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर बने सभी जवानों को पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने अपने कार्यालय में कंधों पर स्टार लगा कर बधाई दी। पदोन्नति हासिल करने वाले सब इंस्पेक्टर संजय कुमार, अपराध शाखा तृतीय इंचार्ज सब इंस्पेक्टर विद्यासागर, थाना खोल में तैनात सब इंस्पेक्टर दौलतराम, थाना बावल में तैनात सब इंस्पेक्टर जय सिंह, थाना शहर रेवाड़ी में तैनात सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार, इंचार्ज सिटी ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर बहादुर सिंह, कुंड चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, गढ़ी बोलनी चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर ब्रह्मजीत सिंह, इंचार्ज टीएपी धारूहेड़ा सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार व थाना धारूहेड़ा में तैनात सब इंस्पेक्टर धर्मबीर सिंह को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने पदोन्नत हुए सभी इंस्पेक्टर को बधाई दी। साथ ही लगन व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करने का आह्वान किया। पदोन्नति पर इंचार्ज सुरक्षा शाखा इंस्पेक्टर सुरेश कुमार, हेड क्लर्क इंस्पेक्टर सुनीता देवी प्रवाचक पुलिस अधीक्षक एएसआई तेजपाल ने भी सभी को बधाई दी।

आप गिनवा रही दिल्ली-पंजाब की उपलब्धियां

आम आदमी पार्टी का शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 21 सदस्यीय समिति बनाने का कार्य जोरों पर

अगले माह बनाई गई समिति के सभी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा

ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी। आम आदमी पार्टी की ओर से रेवाड़ी के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करने का कार्य जोरों से चल रहा है। इस कार्य को पूरा करने में सर्कल इंचार्ज सहित सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के हर गांव व वॉर्ड में 21 लोगो की समिति बनाई जा रही है। जिसमे कम से कम दो महिलाओ व तीन युवाओं के साथ सर्वसमाज को भी प्रतिनिधितत्व दिया जा रहा हैं।

आम आदमी पार्टी रेवाड़ी विधानसभा के संगठन मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी डोर-टू-डोर के

दौरान लोगों को दिल्ली व पंजाब सरकार द्वारा जनता को प्रति दो माह के बिजली बिल पर दी जा रही 600 यूनिट फ्री बिजली योजना, प्रति महीना 20 हजार लीटर फ्री पीने का शुद्ध पानी, प्राइवेट कंपनियों में ठेकेदारी प्रथा खत्म करके सीधे सरकार द्वारा भर्ती, महिलाओ की फ्री बस सेवा, बुजुर्गों को हर साल चारों धाम की निशुल्क तीर्थ यात्रा, सभी मैडिकल टेस्ट, दवाईयों सहित विश्वस्तरीय सभी बीमारियों का महंगे से महंगा फरी ईलाज़, वर्ल्ड क्लास इंग्लिश मीडियम सरकारी स्कूलों में शिक्षा, नीट व आईआईटी की मुफ्त कोचिंग सहित एयरकंडीशन क्लासरुम में फरी क्वॉलिटी एजूकेशन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। जिससे प्रभावित होकर लोग अपना नाम 21 लोगों की कमेटी में दर्ज करवा रहे हैं। लोगों को दिल्ली व पंजाब सरकार का विकास मॉडल बहुत पसंद आ रहा है। अगले माह बनाई गई समिति के सभी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलवाएंगे।

गांव सूरजपुरा में निकाली गई अमृत कलश यात्रा

रेवाड़ी। नेहरू युवा केंद्र रेवाड़ी के तत्वाधान में आजादी के अमृतकाल में मेरी माटी मेरा देश- माटी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ग्राम सूरजपुरा में अमृत कलश यात्रा निकाली गई, जिसकी अध्यक्षता युवा क्लब अध्यक्ष राहुल कुमार ने की। अमृत कलश यात्रा के दौरान घरों से मिट्टी व चावल इक्कठे किए गए।

जिला युवा अधिकारी मोनिका नांदल ने बताया अमृत कलश यात्रा ग्राम स्तर पर 30 सितंबर तक, ब्लॉक स्तर पर 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक एवं राज्य स्तर पर 22 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक चलाया जाएगा, जिसके तहत घर-घर से मिट्टी व चावल कलश में एकत्रित किये जाएंगे। इस मौके पर राहुल कुमार, भोलू, संदीप, रमेश, अंकित, कृष्ण, आदि मौजूद रहे ।

29वां शौर्य दिवस समारोह धूमधाम से मनाया

सेवा अधिकारियों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पुष्प चक्कर अर्पित कर सलामी दी

दीपचंद यादव, भरोसा मित्र

कनीना, जलूरा शौर्य सम्मान समिति द्वारा 29 वां शौर्य दिवस समारोह आज शहीद सूबेदार सज्जन सिंह अशोक चक्र पार्क में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ शुरू हुआ। शहीद सूबेदार सज्जन सिंह को सेवा अधिकारियों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पुष्प चक्कर अर्पित कर सलामी दी। समारोह में मुख्यातिथि एनएसजी मानेसर के चीफ ब्रिगेडियर किशन सिंह मेहरा (सेना वार मेडल) ने अपने संबोधन में कहा कि सूबेदार सज्जन सिंह एक महान योद्धा थे उन्होंने ऑपरेशन रक्षक के दौरान

बहादुरी का परिचय देते हुए अपनी टुकड़ी का नेतृत्व किया तथा अंतिम सांस तक लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने शहिद सूबेदार सज्जन सिंह की धर्मपत्नी कौशल्या देवी को एक वीर नारी की संज्ञा देते हुए कहा ऐसी महान मातृशक्ति पर हमें गर्व है। सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि भारत तिब्बत सीमा पुलिस के जाटूसाना सेंटर के कमांडेंट अशोक कुमार यादव ने केंद्र के मैस का नाम रेजांगला के नाम पर रखने की घोषणा की तथा हर वर्ष जलूरा समारोह में गार्ड भेजने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम पंच प्राण प्रतिष्ठा के अंतर्गत शहीदों के गांव की मिट्टी एकत्र करवाई तथा मातृभूमि के प्रति वफादारी की शपथ दिलवाई कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति ब्रिगेडियर करतार सिंह यादव ने कहा कि वह इस क्षेत्र में सैनिक अकैडमी बनाने के लिए अपना सहयोग करेंगे। नगर पालिका के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा ने कहा कि वे इस क्षेत्र के हर जात बिरादरी के विद्यार्थी को एनडीए की पढ़ाई के लिए निशुल्क समुचित अवसर देंगे तथा उसके चयन के बाद उससे उसका पारिश्रमिक लिया जाएगा। कार्यक्रम में जाटूसाना सेंटर के रिटायर्ड कमांडेंट सुरेंद्र सिंह सहरावत, रेजांगला शौर्य समिति के अध्यक्ष कर्नल रणवीर सिंह, एडवोकेट नरेश चौहान, कर्नल रणवीर सिंह सुलेदा, कर्नल विश्वनाथ सिंह, कनीना के पूर्व प्रधान मास्टर दलीप सिंह, रिटायर्ड हेडमास्टर रतनलाल शर्मा, मुख्य शिक्षक सुरेंद्र सिंह यादव, ओपी यादव, कैप्टन रामचंद्र, हवलदार निहाल सिंह, कैप्टन सुमेर सिंह, कैप्टन चंदन सिंह, एसएमसी प्रधान सावित्री देवी, हेमलता, शालिनी प्रधान, शीला देवी, संदीप कुमार, राकेश कुमार, शीतल चौहान आदि सहित अनेकों अन्य गणमान्य

चोरी की मोटरसाइकिल सहित तीन गिरफ्तार

ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी। सेक्टर-6 धारूहेड़ा पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव मिलकपुर निवासी प्रवीण पुत्र किशन, विपिन पुत्र सरदाराम व राजस्थान के जिला अलवर के भिवाड़ी अरावली विहार निवासी सुधांशु रंजन उर्फ अंशुल पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी प्रवीण के कब्जे से मानेसर से चोरी कि गई मोटरसाईकिल को बरामद कर लिया है।

जांचकर्ता ने बताया कि गश्त के दौरान एक युवक मोटरसाईकिल को पैदल भिवाडी की ओर ले जाता हुआ दिखाई दिया। जिसे रूकवाकर मोटरसाईकिल बारे पूछताछ की तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया। जिस पर मोटरसाईकिल के रजिस्टर्ड नम्बर से मालिक का पता किया तो मोटरसाईकिल खुशीराम डबराल पुत्र भैरव दत्त दा निवासी पदमपुर सुखराऊ तहसील कोटद्वार

जिला पोडी गढवाल के नाम रजिस्टर्ड पाई गई। पुलिस द्वारा खुशीराम के मोबाईल नम्बर पर पूछताछ की तो पाया कि उक्त मोटरसाईकिल 24 सितंबर को थाना मानेसर के एक ढाबा से चोरी हुई है। इस बारे में शिकायत थाना मानेसर में भी दी हुई है। जिस पर पुलिस टीम ने युवक को काबू कर लिया। जिसकी पहचान प्रवीण पुत्र किशन के रूप में हुई। पूछताछ में युवक ने बताया की उसने यह मोटरसाईकिल बीती शाम को मानेसर के एक ढाबा से अपने दो साथी विपिन व अंशुल के साथ मिलकर चोरी की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में चोरी का मामला दर्ज करके तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

कार्यक्रम

श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक ने परिवेदना समिति की बैठक में परिवादियों से किया सीधा संवाद

15 परिवादों में से 13 का मौके पर निपटारा

आमजन के परिवादों को प्रशासनिक स्तर पर ही निपटाने के प्रयास करें अधिकारी : अनूप धानक

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार में श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन के परिवादों का पहले प्रशासनिक स्तर पर ही निपटाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में ऐसे परिवादों को शामिल न किया जाए जिनका निपटारा प्रशासनिक स्तर पर ही हो सकता हो ताकि लोगों को बेवजह परेशान न होना पड़े।

श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक मंगलवार को शहर के बाल भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में परिवादियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर श्रम विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें सुनते हुए कहा कि अधिकारी आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाएं। साथ ही जनसेवा

से जुड़े कार्यों में पूरी सजगता बरतते हुए अपने दायित्व का निर्वहन प्रभावी ढंग से करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को चाहिए कि वे सरकार द्वारा लागू योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें ताकि उनका लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से न सिर्फ प्रदेश की जनता की शिकायतों और समस्याओं की सुनवाई की जा रही है, बल्कि उनका प्राथमिकता के आधार पर तेजी से निस्तारण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने परिवेदना समिति की बैठक में रखे गए कुल 15 परिवाद में से 13 परिवादों का मौके पर ही निपटा

श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने केंद्र सरकार की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से लाए गए महिला आरक्षण बिल का स्वागत करते हुए बिल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा कदम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण बिल पास करके देश की महिलाओं को उनका हक दिलाया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कानून है जो महिला सशक्तिकरण को और अधिक बढ़ावा देगा।

अंत्योदय उत्थान के लिए काम कर रही गठबंधन सरकार : राज्यमंत्री

श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार प्रदेश में अंत्योदय उत्थान के लिए काम कर रही है। सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश में श्रम एवं रोजगार सहित अन्य विभागों से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक सुगमता व सरलता से पहुंचाया जा रहा है। जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान, जेजेपी जिला अध्यक्ष विजय सिंह, श्याम सुंदर सभ्रवाल, डीसी राहुल हुड्डा, एसपी दीपक सहारण, एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल, एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह, एसडीएम बावल जितेंद्र सिंह, डीएमसी उदय सिंह, आरटीए गजेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

फाइनेंसर कंपनी कर्मचारी की हत्या व लूट मामले दो आरोपी गिरफ्तार

ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी। अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक सतेन्द्र कुमार की टीम ने फाइनेंस कंपनी कर्मचारी से लूट और हत्या के मामले में आरोपियों को अवैध हथियार उपलब्ध कराने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान यूपी के जिला गौतमबुध नगर के गाँव मेहन्दीपुर बांगर निवासी महताब पुत्र इशाक व सलीम पुत्र तोफिक के रूप में हुई है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन व आठ हजार रुपए कैश बरामद किया है।

जांचकर्ता ने बताया कि एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी गांव संगवाड़ी निवासी विशाल शर्मा 18 सितंबर की देर शाम शहर के सेक्टर-3 एरिया में बाइक से कलेक्शन करने पहुंचा था। इसी दौरान घात लगाए बैठे बदमाशों गोली मारकर विशाल की हत्या कर दी थी तथा छह लाख की नकदी से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे। थाना माडल टाऊन में आरोपियों के खिलाफ लूट, हत्या व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर घटना में शामिल चार आरोपी कुलदीप उर्फ ताका उर्फ दीप, बलदेव सिंह, सतनाम सिंह उर्फ टीटु व चरण सिंह उर्फ चरणी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी बलदेव सिंह व सतनाम सिंह उर्फ टीटु ने बताया की उन्होंने वारदात में प्रयोग की गई अवैध देशी पिस्टल सलीम से खरीदी थी। पुलिस द्वारा आरोपी सलीम को काबू करने के बाद उसने बताया कि उसने यह अवैध देशी पिस्टल महताब से खरीदी थी। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

खबर फटाफट

ठाकुर जी को वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ गर्भ गृह में प्रवेश करवाया

नारनौल। श्री कडियां वाले बालाजी मंदिर में जल झूलनी पर्व पर ठाकुर जी को वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ गर्भ गृह में प्रवेश करवाया। मंदिर के पूजारी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि हर वर्ष बाल गोपाल जी के विग्रह को जन्माष्टमी के पर्व पर निज मंदिर से बाहर लाया जाता है और जल झूलनी तक गोपाल जी को आम दर्शन हेतु बाहर ही रखा जाता है। रोज भक्त गोपाल जी को झूला झूलाते है, फिर जल झूलनी को विधि विधान से निज गर्भ गृह में प्रवेश करवाया जाता है। पूजारी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि ये परम्परा काफी सालों से चल रही है। इस बार इस धार्मिक कार्य में गोपाल जी मित्तल अपनी धर्म पत्नी के साथ इस कार्य को पूर्ण करवाया। पूजन आदि करके हरि मंदिर पटौदी के शास्त्री, रामप्रसाद पंडित, यश शर्मा ने वेदों के मंत्र उच्चारण करके ठाकुर जी का पंचामृत से अभिषेक करवाया फिर भक्तों में प्रसाद वितरण किया।

गांव खातौली अहीर में खेलकूद प्रतियोगिता आज

नारनौल। छत्रपति शिवाजी फिजिकल एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में गांव खातौली अहीर में 27 सितंबर को विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। एकेडमी संचालक चेतन शर्मा ने बताया कि इसमें लडे ों की विभिन्न आयु वर्ग की ऊंची कूद, लंबी कूद, 400 मीटर, 800 मीटर व 1600 मीटर दौड़ करवाई जाएगी। इसके अलावा बुजुर्गों की 400 मीटर की दौड़ करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पहले पंजीकरण करवाना होगा। प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को मेडल व नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऊंची कूद व लंबी कूद के विजेता को 3100, अंडर-14 की 400 मीटर दौड़ के विजेता को 4100, अंडर-19 की 800 मीटर दौड़ के विजेता को 5100 व अंडर-25 की 1600 मीटर दौड़ के विजेता को 7100 तथा 5 किलोमीटर ओपन दौड़ के विजेता प्रतिभागी को 11 हजार रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। 27 सितंबर को प्रात- 8 बजे नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे तथा इस प्रतियोगिता में गांव खातौली अहीर व खातौली जाट की पंचायतें भी सहयोग कर रही हैं।

जैलाफ स्कूल में सफाई अभियान चलाया

नारनौल। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आज खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रेनू लता यादव की मौजूदगी में जैलाफ स्कूल में सफाई अभियान चलाया व स्वच्छता की शपथ दिलाई। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रेनू लता यादव ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से स्वच्छता ही सेवा-2023 को कचरा मुक्त भारत थीम पर मनाया जा रहा है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति अपने भागीदारी सुनिश्चित करके अपने आसपास की सफाई करने में अपना योगदान देकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल मुकेश कुमार, एसईपीओ अंकित यादव, ग्राम सचिव अजीत, सरपंच अमर सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दीपक, स्कूल स्टाफ सदस्य व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

नारनौल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैलाफ में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा कुछ अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि बी.डी.पी.ओ. रेणुलता ने गांव व विद्यालय की स्वच्छता का जायजा लिया। इस अवसर पर एस.इ.पी.ओ.अंकित यादव व ग्राम सचिव अजीत सिंह ने स्वच्छता के बारे में अपने विचार रखें। उन्होंने बच्चों व ग्रामीणों को अपने जीवन में साफ सफाई को अपनाने के लिए प्रेरित किया।बलाक समन्वयक दिपक कुमार ने उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। प्रवक्ता धर्म सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत का सपना तभी पुरा होगा जब हम सभी इस अभियान में अपनी भागीदारी इमानदारी से निभाएंगे। इस अवसर पर छाजूराम रावत, छितरमल नंबरदार, कैलाश, प्रवक्ता जोगेंद्र कुमार, होशियार सिंह, वेद प्रकाश, दयानंद, मेहताब, सुरेंद्र सिंह, शर्मिला, सुमन, कमलेश, गजराज, राकेश पीटीआई, अनिल कुमार, सुनील, विक्रम, एवीआरसी भूपेंद्र श्रवण आदि उपस्थित थे।

अतंरराष्ट्रीय स्तर का पत्रकार बनने के लिए दृष्टिकोण का वैश्विक होना जरूरीः नारायणन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग कौशल एवं तकनीक जी 20 सम्मेलन के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जर्मनी के एआरडी टेलिविजन के दक्षिण एशिया के ब्यूरो चीफ पीएन नारायणन एवं अरब समाचार के भारत से पत्रकार संजय कुमार ने कार्यशाला को संबोधित किया

व उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का पत्रकार बनने व अंतरराष्ट्रीय स्तर की पत्रकारिता करने के बारे में प्रशिक्षित किया। दक्षिण एशिया में बंग्लादेश, अफगानिस्तान, मालदीव, श्रीलंका, नेपाल, भूटान सहित कई अन्य देशों को पिछले 25 वर्षों से कवर कर रहे पत्रकारों ने विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों में अंतरराष्ट्रीय विषयों को सोचने व समझने की क्षमता विकसित करती हैं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पीएम नारायणन ने कहा कि जी 20 सम्मेलन को चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोप व दक्षिण एशिया सहित दुनिया के 3000 से अधिक पत्रकारों ने कवर किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन न केवल पत्रकारों के लिए बल्कि आने वाले पत्रकारों की पीढ़ी के लिए भी सीखने के अवसर होते हैं। अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि असली पत्रकार वही है जो अपनी कहानी को संदर्भ प्रदान कर सके। कहानी ऐसी होनी चाहिए। जिसका एक शुरुआत, मध्य और अंत हो। अरब समाचार के भारत में संवाददाता संजय कुमार ने कहा कि दुनिया भर की 95 प्रतिशत आबादी का नेतृत्व करने वाले सभी नेता जी 20 सम्मेलन में पहुंचे, तो अपने आप में यह एक बड़ी कहानी व सम्मेलन था। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने दोनो वक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि जी 20 सम्मेलन पत्रकारिता की दृष्टि से एक बड़ी घटना एवं कहानी थी।

प्रदूषण को लेकर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव ने ली अधिकारियों की बैठक

प्रदूषण हमारे जीवन से जुड़ा हुआ मुद्दा : राव

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिला में किए गए प्रबंधों की दी जानकारी | संशोधित ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) होगा जाएगा | एक्यूआई के स्तर के अनुसार एक्शन प्लान तैयार

सीएक्यूएम की नीति के अनुसार 31 दिसंबर 2024 तक चरणबद्ध तरीके से बंद होंगे डीजल ऑटो रिक्शा

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव ने कहा कि प्रदूषण हमारे जीवन से जुड़ा हुआ मुद्दा है। ऐसे में हम सबको मिलकर योजनाबद्ध तरीके से प्रदूषण पर रोक लगानी है। राज्य में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की योजना के अनुसार संशोधित ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) सख्ती से लागू करना है। श्री राव आज लघु सचिवालय में जिला महेंद्रगढ़ में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किए जा रहे प्रबंधन की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जिला में किए गए प्रबंधों की जानकारी दी।

एचएसपीसीबी अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव ने कहा कि क्लीन एयर फार हरियाणा के लक्ष्य के साथ राज्य में प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए विस्तृत कार्य योजना जारी कर दी गई है। आगामी सर्दी के मौसम को देखते हुए 1 अक्टूबर से संशोधित ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू है। इसे चार भागों में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 201 से 300, 301 से 400 और इससे अधिक तथा जब यह 450 के स्तर को पार करेगा तो अलग-अलग एक्शन प्लान रहेंगे।

श्री राव ने कहा कि निर्माण कार्यों के कचरे का प्रबंधन सही तरीके से किया जाए। निर्माण स्थलों से 100 फीसदी कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं। साइट पर निर्माण धूल को कम करने के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों से निर्माण श्रमिकों, ठेकेदारों को जागरूकता किया जाए। हम सभी को सतर्क रहना होगा। वाहन प्रदूषण जांच केंद्रों की जांच करें।

उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिया कि वे लगातार वन क्षेत्र में बढ़ोतरी के लिए कार्य करें। जहां पौधारोपण किया गया है वहां पर अधिक से अधिक सर्वाइवल रेट होना चाहिए। इस पर डीसी मोनिका गुप्ता ने बताया कि जिला में जनभागीदारी से इस बार पांच लाख पौधे लगाए गए हैं। यह एक रिकॉर्ड है।

इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, आरओ पोल्यूशन केके यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जब 301 से 400 एक्यूआई होगा तो मुख्य सड़कों की रोजाना मशीनों द्वारा सफाई तथा मुख्य सड़कों पर पानी का छिड़काव होगा। जब एक्यूआई 400 से अधिक होगा तो राजमार्ग, सड़क, फ्लाईओवर, ओवर ब्रिज, पावर ट्रांसमिशन, पाइपलाइन आदि जैसी रैखिक सार्वजनिक परियोजनाओं को छोडे र निर्माण एवं तोडे ोड़ गतिविधि पर पूर्ण रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि गतिशीलता के आधार पर एक्यूआई के 450 या उससे ऊपर पहुंचने से कम से कम तीन दिन पहले ग्रेप के चरण 4 के तहत राजमार्ग, सडे , फ्लाईओवर, ओवर ब्रिज, पावर ट्रांसमिशन, पाइपलाइन आदि सार्वजनिक परियोजनाओं में भी निर्माण एवं तोडे ोड़ गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ जिला में एक्यूआई 200 से ऊपर होते ही सतर्क हो जाना है। यहां पर इससे अधिक होना ही चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद व पालिका के ठोस, सीएंडडी और खतरनाक कचरे का नियमित उठाव सुनिश्चित करना होगा ताकि उनके अवैध डंपिंग को रोका जा सके।

डीजल ऑटो रिक्शा को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की योजना बनाएं

राव ने कहा कि जिला से डीजल ऑटो रिक्शा को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की योजना बनाएं। एनसीआर के लिए वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) नीति के अनुसार 31 दिसंबर 2024 तक डीजल ऑटो रिक्शा को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की दिशा में काम किया जाए। इनके मालिकों को सब्सिडी देते हुए ई-ऑटो पर स्विच किया जाए। अब डीजल का कोई आटो रजिस्ट्रर्ड नहीं होगा। उन्होंने नगर परिषद तथा नगर पालिका के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला में कहीं भी कूड़े में आग नहीं लगनी चाहिए। कोई नागरिक ऐसा करता मिले तो उस पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। साथ ही कूड़े का उचित निस्तारण किया जाए।

एक्यूआई 400 से अधिक होने पर निजी निर्माण एवं तोड़फोड़ गतिविधियां रहेंगी बंद

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव ने बताया कि 201 से 300 के बीच एक्यूआई होने पर निर्माण और तोड़फोड़ (सी एंड डी) गतिविधियों में धूल जमाने के उपाय किए जाएंगे। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोर्टल पर पंजीकृत न होने वाले 500 वर्ग मीटर या उससे अधिक के भूखंडों पर किसी भी निर्माण और तोड़फोड़ गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा एंटी स्माक गन से धूल को जमाया जाए।

डीसी ने सुनी 60 नागरिकों की समस्याएं

ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष को अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज यहां महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में लगे कैंप कार्यालय में 60 लोगों की समस्या सुनी। इनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष को अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर मिलने वाली हर शिकायत को अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर दूर करें। शिकायतों के बारे में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से जानकारी लेते रहे ताकि अविलंब समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायत का मौका मुआयना करने के बाद उसकी रिपोर्ट मुझे भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से कार्य के लिए आने वाले नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। अगर अधिकारी लोगों के साथ कनेक्ट रहेंगे तो उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कर पाएंगे। अगर हम उनके कार्य जल्द से जल्द करेंगे तो कार्यालयों में भी अनावश्यक भीड़ नहीं आएगी। इस मौके पर जमीनी विवाद से संबंधित समस्याएं, रास्तों व नालियों की समस्याएं, बीपीएल राशन कार्डो से संबंधित व कब्जे संबंधित, पेंशन बनवाने संबंधित समस्याएं सुनी। इन सभी को जल्द से जल्द दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम हर्षित कुमार, तहसीलदार मदन लाल शर्मा, बीडीपीओ निशा तंवर, पशुपालन विभाग से एसडीओ बलजीत सिंह, कृषि विभाग से गजानंद, अल्प बचत विभाग से विजेंद्र सिंह, डीसी पी ए सुनील,परिवाद लिपिक रामपाल सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार 2023-24 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली इच्छुक महिलाएं लघु सचिवालय के पुराने भवन के प्रथम तल पर स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में 20 नवंबर तक आवेदन जमा करवा सकती हैं। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को प्रदान किए जाते हैं। यह जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसी तरह बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र मिलेगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए अभ्यर्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आकर कर जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मान्यता देना ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए आदर्श बनें।यह भारतीय समाज और उनके संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए समाज की मानसिकता को बदलने में भी काफी मदद करेगा। उन्होंने बताया कि आवेदन से संबंधित जानकारी डब्लूसीडीएचआरवाई डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर देख सकते हैं।

21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा

उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विभिन्न आठ श्रेणियां में 21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। पहली श्रेणी में एएनएम, एमपीडब्ल्यू तथा नर्स शामिल है। दूसरी श्रेणी में महिला खिलाड़ी, तीसरी श्रेणी में साक्षर महिला समूह सदस्य, चौथी श्रेणी में राजकीय कर्मचारी, पांचवीं श्रेणी में सामाजिक कार्यकर्ता, छठी श्रेणी में महिला उद्यमी, सातवीं श्रेणी में स्त्री शक्ति पुरस्कार तथा आठवीं श्रेणी में आंगनबाड़ी कर्मी शामिल हैं। इन श्रेणियां में 21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

ताजपुर मंदिर में हवन व भंडारा आयोजित

नारनौल। गांव ताजपुर स्थित भगवान नृसिंह मंदिर परिसर में मंगलवार को हवन यज्ञ और भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र शर्मा ताजपुर ने बताया कि सोमवार रात्रि मंदिर परिसर में भगवान नृसिंह का जागरण आयोजित किया गया। जिसमें भक्तों ने अपने भजनों से भगवान का खूब गुणगान किया। मंगलवार सुबह आयोजित हवन में पंडित पवन भारद्वाज अटेली ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुति दिलवाई और क्षेत्र के लोगों के जन कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि धर्म की जड़ सदा हरी रहती है जो भी बाबा के चरणों में सच्चे मन से अरदास करता है बाबा उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करते है। भंडारे में आस पास के गांव ताजपुर, भीलवाड़ा, फतनी, पृथ्वीपुरा, खोड़ और दूर दराज के ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी के प्रधान राजाराम व गांव के सरपंच राजकुमार शर्मा कमेटी सदस्यों ने सहयोग दिया। इस मौके पर कांग्रेसी नेता एडवोकेट हेमंत शर्मा, पूर्व सरपंच सूबे सिंह सिहमा, बनवारीलाल साहब, जगमाल पीटीआई, जयभगवान शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, पवन कुमार, पूर्व सरपंच इंद्रजीत यादव ताजपुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

फसलों को कीट पतंगे के बचाने के लिए

स्टीकी ट्रैप का उपयोग करें किसान : प्रेम

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

बागवानी विभाग की ओर से 75 प्रतिशत तक दिया जा रहा अनुदान पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर आधारित है योजना

नारनौल। बागवानी फसलों को हानिकारक कीट पतंगे के नुकसान से बचाने के लिए फीरोमैन ट्रैप, लाईट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप का उपयोग करने के लिए बागवानी विभाग की ओर से 75 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। यह योजना पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आधारित है।

यह जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी डा. प्रेम कुमार ने बताया कि बारिश के मौसम में बागवानी फसलों को हानिकारक कीट पतंगे नुकसान पहुंचाते है। कीटों के नुकसान से बागवानी फसलों को बचाने के लिए फीरोमैन ट्रैप, लाईट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग फसलों के लिए अलग-अलग फीरोमैन ट्रैप का उपयोग किया जाता है। इसके लिए एक किसान के लिए अनुदान की अधिकतम सीमा 10 एकड़ है। ट्रैप का उपयोग करने से हानिकारक कीट पतंगों से फसल का बचाव हो जाता है व कीटनाशकों पर किसान का खर्चा नहीं होता जिससे फसल की गुणवत्ता अच्छी होती है। किसान आवेदन के माध्यम से स्वीकृति लेने के बाद किसी भी इम्पैनलड फर्म द्वारा ट्रैप खरीद कर बिल विभाग में जमा करवा सकता है। फसलों को बचाने के लिए हानिकारक कीट को पहचान कर ही फीरोमैन ट्रैप, लाईट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप का चुनाव करें।

उन्होंने बताया कि अमरूद, नींबूवर्गीय व बेर में फल मक्खी के लिए फरूल्योर नामक कैप्सुल का उपयोग करें तथा कद्दूवर्गीय फसलों में क्यूकरलर एंव बैंगन में फल एंव तना भेदक के लिए लुसिनोड्स ओर्बानलिस नामक कैप्सुल का उपयोग करें। सफेद मक्खी के लिए यलो स्टीकी ट्रैप का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अनुदान के लिए किसान सर्वप्रथम मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कर के बागवानी विभाग की साईट पर एचओआरटी एनईटी डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन करें व मद का चुनाव करके दस्तावेज अपलोड करें।

नमन किया | सीकर से लौटे महेंद्रगढ़ जिला के कार्यकर्ताओं ने रैली सफलता के लिए दी एक दूसरे को बधाई

राजस्थान में तीसरे विकल्प में उभरी जजपाः गहली

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त हरियाणा के बाद अब राजस्थान में जननायक जनता पार्टी अपना विस्तार कर रही है। जिस तरह हरियाणा में युवाओं को साथ लेकर चलने का काम डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने किया, उसी तर्ज पर राजस्थान में भी युवाओं पर विशेष फोकस है। सीकर में आयोजित की गई रैली की सफलता के बाद अब राजस्थान के लोगों में तीसरे विकल्प के तौर पर जेजेपी का साथ देने का मन बना लिया है। भविष्य में यहां होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार खड़ा करेगी और जनता के हर सुख दुख में साथ खड़ी रहेगी। यह बात जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय में रैली सफलता की चर्चा करते हुए कही।

इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान में जननायक जनता पार्टी की सरकार में हिस्सेदारी होने पर राजस्थान के युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाने के लिए अलग से विभाग का गठन, फौज की तैयारी करने वाले युवाओं को अफसर बनाने के लिए यूनिवर्सिटी की तर्ज पर चार बड़े ऑफिसर ट्रेनिंग केंद्रों का निर्माण, हरियाणा की तर्ज पर प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय युवाओं के लिए नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण, हर गांव में डिजिटल लाइब्रेरी, किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ फसल खराबे का मुआवजा, विश्व स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले विजेता खिलाडि ों को करोड़ों रुपये के इनाम, महिलाओं की राशन डिपो में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी देने सहित तमाम वर्गों के कल्याण के लिए हरियाणा की तरह अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे। यह घोषणाएं सोमवार को सीकर में देश के उपप्रधानमंत्री चौ देवीलाल की 110वीं जयंती पर आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने की है। उन्होंने कहा कि जेजेपी राष्टपेय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने दाता रामगढ़ से विधानसभा का चुनाव लडे र अपनी राजनीति की शुरुआत की थी और जनता के आशीर्वाद से वे राजस्थान में दो बार विधायक बने। इस साल के अंत में राजस्थान में विधानसभा चुनाव होंगे और चुनाव में मात्र दो महीने ही बाकी बचे है इसलिए पार्टी कार्यकर्ता आज से राजस्थान में पार्टी के प्रचार-प्रसार में जुट जाएं। जेजेपी हरियाणा की तर्ज पर राजस्थान में विकास करवाना चाहती है और इसके लिए प्रदेश के लोग जेजेपी उम्मीदवारों को जीताकर राजस्थान की विधानसभा में भेजे। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा की अगुवाई में महेंद्रगढ जिला से सैकड़ों वाहनों में कार्यकर्ताओं ने सीकर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस चर्चा में जाट महासभा के प्रधान विजयपाल एडवोकेट, नारनौल हलका प्रधान भोजराज नांगतिहाड़ी, नगर पार्षद संदीप भांखर, कार्यालय सचिव विरेंद्र घाटासेर, वरिष्ठ नेता विजय छिलरो, प्रदेश कार्यालय सचिव नवीन राव, बहादुर नांगलिया, दयानंद ढाणी बाठोठा, इंद्रपाल, रवि, सूजान पटीकरा, परमानंद मौजूद थे।

मेलों से आपस में प्रेम व भाईचारा बढ़ता है : भूप सिंह

महेंद्रगढ़ । पशुपालन विभाग से सेवानिवृत उपनिदेशक व महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भावी विधानसभा प्रत्याशी डा. भूप सिंह यादव ने मंगलवार को महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव पाली में आयोजित बाबा सिद्ध मेले में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस मौके पर डा. भूप सिंह यादव ने कहा कि मेले हमारी पुरानी संस्कृति की पहचान है मेलों जैसे आयोजन से आपस में प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आज के युग में समाज में फैल रही भयंकर बीमारी नशे से दूर रहे और वे शिक्षा ग्रहण कर अपने मां-बाप का सपना साकार करें। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा क्षेत्र में विकास के लिए वोट करें और उन्हें अपना आशीर्वाद दें अगर क्षेत्र की जनता ने उन्हें सेवा करने का मौका दिया तो वह महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे साथ ही क्षेत्र को विकास के मामले में एक अग्रणी स्थान बनाने का कार्य करेंगे। पूर्व उपनिदेशक डा. भूप सिंह का मेला परिसर में पहुंचने पर मेला प्रबंधक कमेटी द्वारा फूलमाला पगड़ी पहनाकर आभार प्रकट किया। डा. भूप सिंह यादव ने कहा कि मेले के आयोजक व ग्रामीणों द्वारा उन्हें जो मान सम्मान दिया इसके लिए आभारी है।

खबर फटाफट

637 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम राहुल उर्फ शिबू है। आरोपी फरीदाबाद की जवाहर कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना मुजेसर के एरिया ओल्ड प्रेस कॉलोनी से काबू किया गया है, आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 637 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना मुजेसर में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर पूर्व में थाना मुजेसर में अवैध नशा तस्करी के 2 मामले दर्ज है। आरोपी अदालत से नशा तस्करी के मामले में जमानत पर है। आरोपी गांजा की पुडिय़ा बनाकर 150-200 रुपए में बेचता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

30 सितम्बर तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर मिलेगी 15 प्रतिशत की छूट

फरीदाबाद। फरीदाबाद नगर निगम के क्षेत्र में सभी सम्पत्तिकर धारकों का सम्पत्ति विवरण सर्वे उपरान्त शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा साईट पर अपलोड है। नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त डा. गौरव अंतिल ने सभी सम्पत्तिधारकों से कहा कि 30 सितम्बर तक प्रॉपर्टी डाटा स्वयं सत्यापित करने पर 15 प्रतिशत की विशेष छूट दी जायेगी। प्रॉपर्टी टैक्स की पूर्ण अदायगी करने पर वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स पर छूट प्रदान की जा रही है।

सरकारी स्कूल में बालिका उत्सव मनाया

फरीदाबाद। लायंस क्लब फरीदाबाद डैफोडिल टीम द्वारा गांव सीही स्थित सरकारी स्कूल में बालिका उत्सव मनाया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बेटियों द्वारा केक कटवाया गया। उसके बाद स्कूल की सभी 223 बेटियों को मिठाई भी बांटी गई। इस अवसर पर लायंस क्लब फरीदाबाद डैफोडिल प्रोजेक्ट के चेयरमैन एवं कोषाध्यक्ष लायन योगिंदर तेवतिया ने उपस्थित बालिकाओं, स्कूल टीचरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बेटी दिवस पर एक सप्ताह तक विभिन्न स्कूलों में बालिका उत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सैक्टर-8 गांव सीही स्थित सरकारी स्कूल में भी बालिका उत्सव कार्यक्रम मनाया गया है। इस अवसर पर स्कूल प्रभारी प्रियंका, पुष्पा रानी, पूनम, सोनिका, विनीता सिक्का, सरिता कंसल, अजंता, सुषमा रानी, संगीता, कोमिला, सुनीता रानी, लायन सुरेश शर्मा निदेशक, लायन एडवोकेट विवेक बंसल, लायन लायन सुमित मित्तल, विजय प्रकाश मौजूद रहे।

मतदान जागरूकता रैली का निकाली

फरीदाबाद। पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय परिसर में प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद डॉ. रूचिरा खुल्लर के नेतृत्व में आज छात्रों के बीच मतदान जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें महाविद्यालय में पढने् वाले छात्र-छात्राओं को अपने मत का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदान रैली में महाविद्यालय के लगभग 250 विद्यार्थियों ने बडे उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को मतदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने मतदान रैली का लुप्त उठाते हुए मतदान करने के लिए मौजूदा स्टाफ को पूर्ण आश्वासन दिया। इस मौके पर नोडल ऑफिसर डॉ. अंशू भट्ट, डॉ0 सुषमा रानी, संजीव कुमार तथा श्रीमती रजनी सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहें।

पीपीपी डाटा सत्यापन कैंप का होगा आयोजन

फरीदाबाद । एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) को अपडेट कराने के लिए सरकार द्वारा गत तीन दिनों तक जिला स्तर पर गांव व वार्ड के कम्युनिटी सेंटर पर आगामी 27, 28 और 29 सितंबर को कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिससे नागरिकों की परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। अगर आपने अब तक अपना परिवार पहचान पत्र नहीं बनवाया है या परिवार पहचान पत्र में कोई गलती रह गई है तो इसे ठीक कराने के लिए आपको परेशान नहीं होना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि जिला पीपीपी में त्रुटि दूर करने के लिए पहले अभी जिले में कैम्प का आयोजन किया गया था। इन कैंपों में परिवार पहचान पत्र में इनकम सत्यापन को छोडक़र अन्य कार्य किए गए हैं। जैसे किसी का नाम जोडऩा, दिव्यागों का स्टेट्स अपडेट कराना, जन्मतिथि में सुधार करना आदि शामिल है। 55 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्ति के जन्मतिथि में सुधार के लिए वोटर आई कार्ड लाना अनिवार्य किया गया है। वोटर कार्ड वर्ष 2017 के पहले का होना जरूरी है। इन कैंप में कोई भी परिवार का मुखिया अपने पहचान पत्र को अपडेट किया गया है। वहीं वोटर लिस्ट के अनुरूप किसी का पीपीपी नहीं है, तो उसका परिवार पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए।

बच्चों को सुरक्षित करना कैम्पों का उद्देश्य

न्याय किशोर बोर्ड की गतिविधियों की जानकारी बच्चों के पास अधिक से अधिक पहुंचे : सीजेएम सुकृति गोयल

जिला बाल संरक्षण यूनिट से अपर्णा परामर्श दात्री ने पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट पर प्रकाश डालते हुए, गुड टच - बेड टच की जानकारी दी

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद, महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुकीर्ति गोयल के कुशल मार्गदर्शन में फरीदाबाद जिले के राजकीय विद्यालयों में 33 कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से लगभग 20 हजार बच्चों को जे जे एक्ट व पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा फरीदाबाद के कोर्डिनेशन से उपायुक्त विक्रम सिंह एवं सीजेएम सुकीर्ति फरीदाबाद के निर्देशन में आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-22, फरीदाबाद एवं राजकीय प्राइमरी विद्यालय सेक्टर-22 में लिटरेसी अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 650 बच्चों को जेजे एक्ट व पॉक्सो एक्ट के बारे में गठित टीम द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी अनिल दहिया ने बच्चों को जेजे एक्ट व पॉक्सो एक्ट की कानूनी बारीकियों से अवगत करवाते हुए बताया कि जेजे एक्ट व पास्को एक्ट किस प्रकार बच्चों की सुरक्षा व अधिकारों को सुरक्षित रखता है विस्तार से जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण यूनिट से अपर्णा परामर्श दात्री ने पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट पर प्रकाश डालते हुए, गुड टच - बेड टच की जानकारी दी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया कि यह टोल फ्री नम्बर है और 24×7 दिन रात बच्चों की सुरक्षा व उनके अधिकारों के लिए कार्य करता है बच्चे मुसीबत के समय चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी एस.एल.खत्री ने बच्चों के सम्मुख अपने विचार रखें और सबसे पहले बच्चों से पूछा कि ÷बच्चा÷ किसे कहते हैं। फिर विस्तार से बताया कि जिसकी आयु 0 से 18 वर्ष के बीच है वह ÷बच्चा÷ होता है। बच्चे दो प्रकार के होते हैं एक वह जिसके साथ अपराध हुआ है और दूसरा वह जिसने अपराध किया है। जिसके साथ अपराध हुआ है उसके लिए बाल कल्याण समिति और जिसने अपराध किया उसके लिए किशोर न्याय बोर्ड बच्चों की सुरक्षा व अधिकारों के लिये जे जे एक्ट व पॉक्सो एक्ट के तहत कार्य करते हैं। जिले के सभी बच्चों को जे एक्ट और पॉक्सो एक्ट की जानकारी देकर सुरक्षित करना ही इन कैम्पों का उद्देश्य है। क्योकि बच्चे परिवार के साथ साथ देश की अमूल्य निधि है तथा उदाहरण देकर बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागृत करते हुए बताया कि, की किसी अनजान व्यक्ति के किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आये, ऐसी घटनाओं की जानकारी अपने माता-पिता, अध्यापक व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व 112 पर दे और सुरक्षित रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों से अनुरोध किया कि वह अपने फीडबैक लिखकर उपलब्ध करवाये। जिससे बच्चों की समस्याओं का तार्किक एवं आधुनिक तरीके से समाधान हो सके। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा, बिजेंद्र सिंह सुनीता सारवान, बर्मानंद, कमलेश सुनील कुमारी, गीता, मुक्ता विद्यालय ने भाग लिया। मुकेश शर्मा ने द्वारा पूरी टीम का हार्दिक धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

आयुष ग्राम मोहना का किया गया शुभारम्भ

निःशुल्क चिकित्सा शिविर पोषण से सम्बंधित संगोष्ठी का ग्रामवासियों ने लिया लाभ

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद, डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में 6वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत मंगलवार को आयुष विभाग एवं नेशनल आयुष मिशन हरियाणा के तहत जिला में चयनित आयुष ग्राम मोहना में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मंजू ने बताया कि हरियाणा के प्रत्येक जिला में एक आयुष ग्राम चयनित हुआ है। जिसमें जिला में मोहना को शामिल किया गया है।

कैम्प में कुपोषित बालक/ बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें औषधि दी गई इस कैम्प में कुपोषित बालक/ बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच कर कुपोषित बच्चों को आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ आयुष चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कुपोषण सम्बंधित जानकारी व फलों एवं विभिन्न अनाज से होने वाले स्वास्थ्य लाभ बताये गये। इसके अंतर्गत बजट का आवंटन किया गया है एवं वर्ष कैलेंडर बनाया गया है, जिसमें समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में आयुष अधिकारी एवं अन्य स्टाफ, ग्राम पंचायत, स्कूल, आंगनवाड़ी, आशा वर्कर एवं सामान्य जन साधारण को आयुष पद्धति, ऋतुचर्या, आहार विहार, औषधीय पौधों की खेती, योग इत्यादि द्वारा आयुष का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

समाजसेवी हॉनररी पीएचडी अवार्ड से सम्मानित

एसएसए यूनिवर्सिटी पोर्टलैंड यूएसए ने भारत में तीसरी बार काऊसिंल ऑफ भारतीय स्कूल एजुकेशन (कोबसे) के साथ मिलकर हॉनररी पीएचडी अवॉर्ड सेरिमनी का आयोजन किया

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद, एसएसए यूनिवर्सिटी पोर्टलैंड यूएसए ने भारत में तीसरी बार काऊसिंल ऑफ भारतीय स्कूल एजुकेशन (कोबसे) के साथ मिलकर हॉनररी पीएचडी अवॉर्ड सेरिमनी का आयोजन पावन ओ पैलेस होटल में किया गया। काऊसिंल आफ भारतीय स्कूल एजुकेशन के सचिव डा.राजेश मदान एडवोकेट और समाजसेवी डॉ तरुण अरोड़ा एडवोकेट ने इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया।इस अवसर पर एसएसए यूनिर्वसिटी ने एडवोकेट डा. मंशा पासवान, बिंदिया नागपाल, अमित प्रकाश, देवेंद्र कुमार वर्मा, सचिन कुमार, श्याम दुबे, मोहम्मद नोफिल रूमानी, मोहम्मद आसिफ, विकास गोस्वामी, पंकज निर्मल, नीतू कपूर, अजय कुमार, भुवन, अनिल मेहता, सुमन जैन, सतीश गर्ग को हॉनररी पीएचडी देकर डाक्टर की उपाधि से नवाजा। इसके अतिरिक्त काऊसिंल ऑफ भारतीय स्कूल एजुकेशन ने पवन ठाकुर, राजेश डोगरा, पंकज नागपाल, राजू कुमार, बबली, अशोक मदान, यामिनी, नरेश कुमार गोयल, राकेश भाटिया, बिजेंद्र चंदीला, अनिरुद्ध श्री कृष्णा, राजेश आर्य, वासदेव आर्य को डिस्ट्रिक्ट अवार्ड व नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया। समाजसेविका रेनू चौहान व समाजसेवक मोहन तिवारी को गोल्ड मैडिलस्ट अवार्ड से नवाजा गया। डॉक्टर प्रदीप गुप्ता को गुरू द्रोण अवार्ड के अलावा दीपांशी अरोड़ा, डा. भूपेंद्र शोरायन, डा.शोभित आजाद, डा.मानव शर्मा को अर्जुन अवार्ड मिला। इसके साथ ही स्टार अवार्ड से एम.पी. भड़ाना को नवाजा गया।इस मौके पर आयोजक डा. तरूण अरोड़ा एडवोकेट, डा. राजेश मदान ने कहा कि एसएसए व कोबसे राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर समाज हित में कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करता है। जल्द से अगला कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर के समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर लक्ष्मण दास अरोड़ा, आकाश, दिनेश कुमार, जय कुमार, अजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

घर से लापता 34 वर्षीय महिला को 24 घंटे में किया बरामद

महिला के पति ने अपनी शिकायत में बताया कि महिला 25 सितंबर को घर से मार्केट के लिए निकली थी

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद, थाना शहर बल्लबगढ़ की टीम पुलिस चौकी अग्रसेन ने घर से लापता हुई महिला को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। महिला के पति ने अपनी शिकायत में बताया कि महिला 25 सितंबर को घर से मार्केट के लिए निकली थी जो मार्केट से वापस घर नहीं पहुंची। जिसकी तलाश परिजनों के द्वारा की गई। महिला के नहीं मिलने पर परिजनों के द्वारा सूचना पुलिस चौकी अग्रसेन में दी। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार के द्वारा एक टीम नियुक्त की गई। पुलिस टीम के द्वारा महिला के संबंध में फरीदाबाद पुलिस के सभी सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से सभी थाना व चौकियों में फोटो सहित सूचना भेजी गई। पुलिस टीम के द्वारा अपने गुप्त सूत्रों से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का पता लगाया गया। पुलिस टीम के द्वारा महिला को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से तुरंत बरामद कर लिया गया। परिजनों के सामने महिला से पूछताछ की गई महिला ने बताया कि वह घर में छोटी-मोटी अनबन होने से परेशान थी जिसको लेकर वह घर से बिना बताए निकल गया था। गुमशुदा महिला को हवाले करते हुए परिजनों को सख्त हिदायत दी गई।

फ्लड वॉरियर को अवार्ड भेंट किए

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद, महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन द्वारा श्रम विहार में कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन द्वारा फ्लड वॉरियर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीते दिनों यमुना नदी में आई बाढ़ से प्रभावित दिल्ली-फरीदाबाद क्षेत्र में जिन-जिन लोगों ने बाढ़ पीड़ितों की मदद की थी, उन सभी संगठनों को और लोगों को महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन द्वारा फ्लड वॉरियर अवार्ड से नवाजा गया। जिसमें थाना प्रभारी राजेश शर्मा के साथ लगभग 15 पुलिस कर्मियों को बाढ़ राहत कार्य के लिए सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर विक्की के साथ पांच अन्य एनडीआरएफ के जवानों को फ्लड वॉरियर अवार्ड सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इइसके साथ ही लगभग 500 परिवार को राशन का किट बनाकर घर-घर जाकर राशन पहुंचाया। इस सराहनीय कार्य के लिए महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन की पूरी टीम को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसीपी दिनेश कुमार, जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर अनमोल खन्ना, अमित प्रकाश वरिष्ठ समाजसेवी, अभिमन्यु पांडे, महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन की फाउंडर डायरेक्टर रेनू चौहान, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व सलाहकार इमरान रजा, बोर्ड मेंबर्स समीर सैफी, पवन कौशिक बोर्ड मेंबर, मीना शर्मा, परवीन, नाजरीन, कनिका सिंह, सफिया अंसारी, लक्ष्मी कुमारी, खुशबू, अंकिता पॉल, सिमरन कौर, जयश्री, नाजिया बनो, महमूदा खातून के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल रहे।

अनाज मंडियों में व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंध करें : शर्मा

एडीसी आनन्द शर्मा ने की खरीफ फसलों की सरकारी खरीद की समीक्षा

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद, एडीसी आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में जिला मे खरीफ फसलों में बाजरा और धान खरीद को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एडीसी आनन्द शर्मा ने समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अनाज मंडियों में सभी व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अनाज मंडियों में सफाई, निकासी, लाईट व पीने के पानी की व्यवस्थाओं बारे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि धान की ढेरियां की जांच और खरीद कार्य संबंधी खरीद एजेंसियों व मार्किट कमेटी के अधिकारियों से जानकारी हासिल करें। एडीसी ने बताया कि मंडियों में खरीद एजेंसी वेयरहाऊसिंग कारपोरेशन, फूड एण्ड सप्लाई व हैफेड कार्य करेंगी।

उन्होंने बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में पीने के पानी, स्वच्छता, तिरपाल, बारदाना, नमी मापक यंत्र, पंखों आदि का उचित इंतजाम होना चाहिए। आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व किसानों से भी बातचीत भी करें । फसल खरीद के दौरान मंडियों में हो समुचित व्यवस्था संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करे कि मंडियों में बिजली, पानी और सफाई आदि सभी व्यवस्थाएं सही हों। ताकि फसल खरीद में किसान को किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। फसल खरीद कार्य को लेकर निर्देश दिए हैं कि खरीद की निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। मंडी में आने वाले किसानों के लिए पेयजल आदि की अच्छी व्यवस्था हो। किसानों को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। संबंधित एजेंसियां खरीद के साथ साथ ही समय पर उठान भी सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडियों में तिरपाल और इंटरनेट आदि की सही व्यवस्था हो और टोकन जारी करने में भी किसी प्रकार की परेशानी ना आए। दूसरे राज्यों से बाजरे की आवक को रोकने के लिए नाके लगाना आदि जरूरी कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही यह भी देखा जाए कि हमारे जिला में बाजार की आवक कितनी हो रही है। जिला में औसतन उत्पादन से अत्यधिक आवक नहीं होनी चाहिए।

कार्यक्रम एनीमिया उन्मूलन के दौरान जरूर करवाएं एचबी टेस्ट : एडीसी आनन्द शर्मा

एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर की खराबी है

स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी तालमेल करें

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद, एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि एनीमिया उन्मूलन के दौरान एचबी टेस्ट जरूर करवाए। एडीसी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी तालमेल करके इसका जिला फरीदाबाद में बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर की खराबी है। जिला में एनीमिया उन्मूलन सप्ताह आगामी दिसम्बर माह तक चलेगा। जिसके दौरान जिला के सभी स्कूलों, सब सेंटरों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर नागरिकों के एच.बी.टेस्ट किए जाएंगे। बता दें कि जिला फरीदाबाद में सभी 379 स्कूलों के लगभग 130000 विद्यार्थियों का एनीमिया चेक किया जाएगा। वहीं हेल्थ चेकअप कैम्पों के बाद जरूरतमंद विद्यार्थियों को इलाज भी दिया जाएगा। एडीसी ने बताया कि एनीमिया एक रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य स्तर से कम हो जाती हैं या प्रत्येक लाल रक्त कोशिका में हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य से कम होती है। किसी भी मामले में, शरीर के चारों ओर रक्त प्रवाह में कम मात्रा में ऑक्सीजन ले जाया जाता है। लाल रक्त कोशिकाएं (आरबीसी), हीमोग्लोबिन नामक एक विशेष प्रोटीन का उपयोग करके शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन ले जाती हैं। एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर की खराबी है। एनीमिया एक आम रक्त स्थिति है। जिला सिविल सर्जन डॉक्टर विनय गुप्ता ने बताया कि जांच के दौरान जिस व्यक्ति का एच.बी. 7 ग्राम से कम मिलता है, तो उसको जिला के नागरिक अस्पताल में रेफर किया जाता है और जिसका एच.बी. 7 ग्राम से 11 ग्राम है उसको एक माह की दवाई दी जाएगी। एक माह पश्चात उसका पुन- टेस्ट किया जाएगा और आवश्यकता अनुसार उसका ट्रीटमेंट किया जायेगा। खासकर महिलाओं में यह देखा गया है कि मासिक धर्म वाली पांच में से एक महिला और सभी गर्भवती महिलाओं में से आधी एनीमिया से ग्रसित हैं। लक्षण पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर डा को दिखाएं।

ये हैं एनीमिया के लक्षण

जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय गुप्ता ने बताया कि कमजोरी, आसानी से थक जाना, पीली त्वचा, सांस की तकलीफ, ऑर्थोस्टैटिक हाइपोटेंशन, बार-बार सिरदर्द होना, चिड़चिड़ा व्यवहार, फटी या लाल जीभ, भूख में कमी, खाने की अजीब सी लालसा आदि होने पर तुरंत अपने नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डा को दिखाना चाहिए।

ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में एम्स अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर तेजस, पीओआईसीडीएस डाक्टर मंजु श्योरान, उप जिला शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

स्लम बस्ती क्षेत्र के बच्चों के पुनर्वास के लिए लगेंगे कैंप

इन कैम्पों का आयोजन 03 अक्टूबर को गवर्नमेंट बॉयज स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद में होगा

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद, डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आगामी 03 से 10 अक्टूबर तक प्रात- 9 बजे से सायं 5 बजे तक बेसहारा एवं झुग्गी झोपडिय़ों व स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन कैम्पों का आयोजन 03 अक्टूबर को गवर्नमेंट बॉयज स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद में, 04 अक्टूबर को एनआईटी फरीदाबाद, कपड़ा कॉलोनी स्थित गोवेर्मेंट प्राइमरी स्कूल में तथा 06 अक्टूबर को हरकेश/धीरज नगर स्थित सिद्धि विनायक कान्वेंट स्कूल में, 09 अक्टूबर को गोवेर्मेंट प्राइमरी स्कूल, राजीव नगर, नियर एनएचपीसी बायपास रोड फरीदाबाद, और 10 अक्टूबर को एकता नगर, नियर बुढिय़ा नाला फरीदाबाद स्थित गोवेर्मेंट प्राइमरी स्कूल में किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इन कैम्पों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी। जिला फरीदाबाद में लगभग 1400 ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजित कैम्पों में इन बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाए जाएँगे। कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएँगे जहाँ इन बच्चों का निःशुल्क जांच व उपचार किया जाएगा। कैंप डीएसडब्ल्यूओ और डीसीपीओ के द्वारा आयोजित करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए इन बच्चों को चिन्हित कर नजदीकी सरकारी स्कूलों में इनका दाखिला भी कराया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा बाल श्रम की भी जांच की जाएगी। बाल श्रम की शिकायत प्राप्त होने पर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

खबर फटाफट

केंद्र सरकार को जीएसटी लागू करने के बाद मार्केट फीस समाप्त करनी चाहिए: बजरंग गर्ग

सिरसा। व्यापारी प्रतिनिधियों की एक आवश्यक मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कानफेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में व्यापारी प्रतिनिधियों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया गया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की मंडियों में धान व बाजरा आदि फसलें भारी मात्रा में आ रही है, मगर मंडियों में अनाज खरीद के लिए सरकार की तरफ से कोई पुख्ता प्रबंध नहीं हैं। सड़कें टूटी पड़ी हैं और मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। किसान अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में धक्के खा रहा है। सरकार को मंडियों में अनाज खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध करने चाहिएं। बजरंग गर्ग ने कहा कि पीआर धान की एमएसपी 2203 रुपए प्रति क्विंटल है, जिसकी आढ़तियों की आढ़त 55 रुपए बनती हैं मगर सरकार व्यापारियों को 46 रुपए आढ़त दे रही है, जो सरासर गलत है। अनेकों सालों से फसल खरीद पर व्यापारियों की 2.5 प्रतिशत आढ़त मिलती आ रही है जबकि पहले से कई गुना देश व प्रदेश में महंगाई बढ़ी है। महंगाई को देखते हुए आढ़तियों की आढ़त बढनी चाहिए थी मगर सरकार ने आढ़त बढ़ाने की बजाए उसे कम करके व्यापारियों को नाजायज तंग कर रही है।

ट्रेडिंग कंपनी में निवेश का झांसा दे ठगे साढ़े 19 लाख

जींद। साइबर थाना पुलिस ने मलेशिया ट्रेडिंग कंपनी में निवेश करने का झांसा दे साढ़े 19 लाख रुपये हड़पने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव भोंसला निवासी हंसबली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लगभग तीन माह पहले उसके व्हाट्सएप पर मैसेज आया था, जिसमें कहा गया की ट्रेड मार्केट में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलता है। जल्द राशि दोगुनी हो जाती है।शुरू में उसे पांच हजार रुपये निवेश करने के लिए बोला गया। फिर यह डिमांड लाखों में बढ़ती चली गई। साथ ही भरोसा दिलाया गया की निवेश करते रहो कुछ समय के बाद निवेश राशि का दुगना मिल जाएगा, जिसके चलते उसने साढ़े 19 लाख रुपये कंपनी में निवेश कर लिए कंपनी का नाम मलेशिया ट्रेडिंग कंपनी बताया गया। गूगल क्रोम पर उसके नाम से आईडी बना दी गई। सुरक्षा के लिए पासवर्ड भी दे दिया गया। निवेश करने के लिए इस आईडी का प्रयोग करने से उसकी प्रोफाइल खुलती थी। जब राशि निकालने का समय आया तो उसकी आईडी तथा पासवर्ड ब्लॉक मिले। उसने मैसेज तथा कल के माध्यम से बात करनी चाही तो किसी ने उससे बात नहीं की। जिन नंबरों से पहले बातचीत होती थी, वह फोन भी स्विच ऑफ मिले। लंबा समय बीत जाने के बाद भी ने तो उसे दोगुणी राशि मिली न ही निवेश की गई मूल राशि। साइबर थाना की जांच अधिकारी पूजा ने बताया कि पुलिस ने हंसबली की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

पंचायत मंत्री ने 12 परिवादों का किया निपटारा

भिवानी। स्थानीय पंचायत भवन में मंगलवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने की। बैठक में कुल 12 परिवाद रखे गए, जिनका विकास एवं पंचायत मंत्री श्री बबली ने मौके पर ही समाधान किया। सुनवाई के दौरान श्री बबली ने गांव किरावड़ निवासी राजबाला को अपने कोष से 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय और पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्माण कार्य निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप करवाएं। उन्होंने कहा कि सरकार के पैसे का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। इस दौरान उपायुक्त नरेश नरवाल ने जिला में चल रहे विकास कार्य, पौधारोपण और फसल खरीद प्रबंधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने करनाल में सुनीं लोगों की समस्याएं

गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं समाज उतना ही सुखी: मनोहर लाल

सीएम बोले, पीपीपी के आधार पर किसी भी शहर की आबादी की सही जानकारी का पता चल जाता है

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकारी साधनों पर पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों व वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री करनाल में सामुदायिक केंद्र में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। करनाल विधानसभा क्षेत्र का यह 19वां जनसंवाद कार्यक्रम था। हलके में अभी सात और जनसंवाद कार्यक्रम होने हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार एक महीने के भीतर इन कार्यक्रमों का आयोजन कर दिया जाएगा। एक दिन पहले ही सूचना देने पर सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए उन्होंने लोगों को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटान के निर्देश दिए। मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन के लिये किए गए प्रकल्पों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने पहली बार हर परिवार का पहचान पत्र (फैमिली आईडी) बनाया है। पीपीपी में दर्ज जानकारी पूरी तरह से स्टीक है। अब जन्म लेने वाले हर शिशु और दिवंगत व्यक्ति की सूचना भी दर्ज होती है। पीपीपी के आधार पर किसी भी शहर की आबादी की सही जानकारी का पता चल जाता है। उन्होंने बताया कि अब हर व्यक्ति के जन्म दिवस पर शुभकामना संदेश प्रेषित करने का काम भी शुरू किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 25 सितंबर को जन्मे प्रवीण बेनिवाल व एक अन्य व्यक्ति को मंच पर बुलाकर बधाई दी और मुंह मीठा कराया।

80 हजार लोगों की पेंशन बनी

मनोहर लाल ने तीन लाख रुपये तक की सालाना आय वालों को बुढ़ापा पेंशन 2750 रुपये देने का जिक्र करते हुए बताया कि अब पीपीपी में दर्ज आय के आधार पर स्वत- प्रदेश के करीब 80 हजार लोगों की पेंशन बनी है। पात्रों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। हरियाणा पहला ऐसा राज्य है जहां अब विधुरों को भी 40 साल की आयु के बाद 2750 रुपये महीना पेंशन दी जा रही है। इतना ही नहीं कुंवारों (45 से 60) को भी पेंशन देने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश के 2 करोड़ 80 लाख लोग मेरा परिवार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 2 करोड़ 80 लाख लोग ही उनका परिवार हैं। वे सभी की चिंता करते हैं। गरीब बच्चों की शिक्षा, बीमार होने पर उनके इलाज की व्यवस्था और गरीबों की आय बढ़ाने के लिये सरकार ने कई कदम उठाये हैं। करीब 29 लाख ऐसे परिवार हैं जिन्हें आयुष्मान/ चिरायु योजना का लाभ मिल रहा है। अधिक लोग चिरायु योजना का लाभ उठा सकें इसलिए सरकार ने अब इसका विस्तार करते हुए सालाना आय सीमा बढ़ाकर 3 लाख रुपये कर दी है। हालांकि इस आय वर्ग के लोगों को सालाना 1500 रुपये का प्रीमियम चुकाना होगा। लाभार्थी सरकारी अथवा निजी सूचीबद्ध अस्पताल में 5 लाख रुपये तक का इलाज करा सकते हैं।

चौ. बंसीलाल महाविद्यालय में पीजी कोर्सों में सीटें बढ़ीं

हायर एजुकेशन के एसीएस ने जारी किया स्वीकृति पत्र

भरोसा मित्र

लोहारू। विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल की मांग पर सरकार ने लोहारू के राजकीय महाविद्यालय के चारों पीजी कोर्स में अतिरिक्त सीट बढ़ाई हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर अभिभावकों ने सीटें बढाए जाने पर कृषि मंत्री श्री दलाल का आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क अभियान के दौरान विद्यार्थियों व अभिभावकों ने कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल से चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के सभी पीजी कोर्स में सीटें बढवाने की मांग की थी। विद्यार्थियों की इस मांग को बड़ी गंभीरता से लिया और सीटें बढवाने का आश्वासन दिया। कृषि मंत्री श्री दलाल ने उच्चत्तर शिक्षा विभाग को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री के निर्देशों पर उच्चतर शिक्षा विभाग ने भी त्वरित कार्रवाई की है और सीटें बढाने का निर्णय लिया है। विभाग ने कॉलेज में सीटों की स्वीकृति प्रदान कर अधिकारिक तौर पर पत्र भी जारी कर दिया है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के एमए हिंदी तथा एमए पोलिटिकल साइंस में दस- दस तथा एमए अंग्रेजी व एमए इतिहास विषय में 20-20 सीट बढ़ाई हैं।

सीटें बढाए जाने पर अभिभावकों ने जताया कृषि मंत्री जेपी दलाल का आभार

कॉलेज में सीटें बढाने पर अभिभावकों ने कृषि मंत्री का आभार जताया है। गांव गिगनाऊ निवासी उमेद सिंह सनसनवाल, रामफल, गांव सिंघानी निवासी राम कुमार, जय सिंह ,लोहारू निवासी रामकिशन टीके वाला, रोहतास लांबा, लीला,राजीव श्योराण, बलवंत गोठड़ा ने कहा कि सीटें बढाने से बच्चों का दाखिला संभव हुआ है। बच्चों का दाखिले के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विशेषकर छात्राओं की परेशानी दूर होगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कृषि मंत्री श्री दलाल ने बहल और सिवानी के राजकीय महाविद्यालयों में नए-नए कोर्स शुरु करवाए हैं।

केंद्र व प्रदेश में फिर से बनेगी हमारी सरकार : अरविंद शर्मा

बोले, समाज का हर वग सरकार की कार्यप्रणाली से संतुष्ट

सांसद ने जनसंवाद कार्यक्रम में सुनी ग्रामीणों की शिकायतें व समस्याएं

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। रोहतक लोकसभा सांसद डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में एक फिर से हमारी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले लगभग 9 वर्षों में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित होकर कार्य करवाएं हैं, जिससे विकास पटल पर देश हर क्षेत्र में अग्रणी बना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखा है और जनकल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित करते हुए अंत्योदय की भावना से कार्य किए हैं। समाज का हर वर्ग सरकार की कार्यप्रणाली से संतुष्ट है। सांसद डा. अरविंद शर्मा मंगलवार को कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांवों में ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए उनकी शिकायतें व समस्याएं सुन रहे थे। वे राजीव गांधी खेल स्टेडियम कोसली, बीसी चौपाल गुडियानी, बंगला चौक रतनथल सहित पंचायत भवन कन्हौरा व ग्राम सचिवालय गुरावड़ा में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए रूबरू हुए और उनकी परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। जनसंवाद कार्यक्रमों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने पगडि ों व फूल मालाओं से सांसद डा. अरविंद शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर गांव गुडियानी के सरपंच नरेंद्र कुमार, गुगोड़ की सरपंच पूजा देवी, भूरिवास की ओर से पंचायत प्रतिनिधि महेंद्र नाहडि ा, सुर्खपुर से पंच महावीर यादव, मूंदड़ा से ओमप्रकाश यादव, सुम्मा से रोहतास, गाजीगोपालपुर से सोनू, नांगल पठानी से प्रवेश यादव एवं पंचायत मुबारकपुर प्रतिनिधियों ने सांसद को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और अपनी मांगे रखीं।

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव, हुकमचंद यादव, मास्टर रमेश शर्मा, सरोज यादव, सरपंच रामकिशन, एसडीएम कोसली जयप्रकाश, डीएसपी कोसली जयसिंह, तहसीलदार कोसली प्रवीण कुमार, डीईओ नसीब सिंह, डीईईओ वीरेंद्र नारा, नायब तहसीलदार नाहड़ अस्तित्व परासर, बलजीत, डीके यादव, एसएमओ डा. जयपाल, बीडीपीओ नाहड़ अनिल कुमार, सतपाल थानेदार, बलजीत यादव, डीके यादव, सरोज यादव, सुनीता गुडि नी, पार्षद शारदा यादव, रमेश यादव मंडल अध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

गुडियानी से विशेष लगाव

सांसद डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि उनका गुडियानी से विशेष लगाव रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज मेरे द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम के तहत कोसली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों की समस्याएं सुनी गई है।

मोदी है तो कुछ भी मुमकिन

डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आधारभूत ढांचागत विकास सुदृढ़ हुआ है। रेल-सड तंत्र की मजबूती पूरे देश में विकास का आधार बन रही है। उन्होंने कहा कि देश में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, सड , बिजली, पानी, किसान कल्याण, रक्षा क्षेत्र, महिला सशक्तिकरण सहित अन्य क्षेत्रों में सुधार हुआ है। लोग यह मानने लगे हैं कि मोदी है तो कुछ भी मुमकिन है, इसी के चलते आज भारत का विश्व में मान-सम्मान व गौरव बढ़ा है।

एक्शन में गृह मंत्री अनिल विज

कोऑपरेटिव बैंक में लॉकर टूटने के मामले में एसपी को दिये सख्त कार्रवाई के आदेश

पंजोखरा साहिब निवासी विवाहिता की हत्या मामले में कार्रवाई नहीं होने पर गृह मंत्री अनिल विज ने जताई नाराजगी

भरोसा मित्र

अम्बाला। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मंगलवार अपने आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। बलदेव नगर में दि-अम्बाला सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में गत दिनों लॉकर तो चोरी के मामले में प्रभावित लोगों ने गृह मंत्री अनिल विज से मुलाकात की। लोगों ने शिकायत देते हुए बैंक प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए और कहा कि बैंक प्रबंधन की लापरवाही के कारण चोरी के समय न तो मौके पर सायरन बजा, न ही वहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध थे। गृह मंत्री अनिल विज ने प्रभावित लोगों को बताया कि उन्होंने इस संबंध में अम्बाला एसपी से बातचीत की है और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, गांव पंजोखरा साहिब निवासी कई लोगों ने गृह मंत्री अनिल विज से मुलाकात करते हुए गांव की बेटी की ससुराल पक्ष द्वारा हत्या करने का आरोप लगाए। मृतका के पिता ने गृह मंत्री को बताया कि उनकी बेटी की शादी पेहवा में गुरू नानक कालोनी में की गई थी। मगर, ससुराल पक्ष द्वारा उनकी बेटी से दहेज की मांग करते थे तथा मार-पिटाई करते थे। उनका आरोप था कि बीती 24 सितम्बर को उनकी बेटी की जहर देकर ससुराल पक्ष द्वारा हत्या की गई। उन्होंने बताया पुलिस द्वारा अब तक आरोपियों को पके ा भी नहीं गया है। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी कुरुक्षेत्र से बात कर संबंधित थाना प्रभारी द्वारा मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने पर नाराजगी जताई तथा त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष मंडौर निवासियों ने पानी की टूटी पाइप लाइन को ठीक कराने, छावनी निवासी विवाहिता द्वारा महेशनगर थाने में दर्ज दहेज उत्पी न के मामले में कार्रवाई करने, बब्याल निवासी व्यक्ति द्वारा मीटर का बिल ठीक कराने एवं अन्य शिकायत मंत्री अनिल विज के समक्ष आई जिसपर उन्होंने अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

ब्लैकमेल करने के आरोप

गृह मंत्री अनिल विज को अम्बाला जिला से कई केबल आपरेटरों ने अपनी शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि एक व्यक्ति बीते कुछ समय से लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। उनके खिलाफ व्यक्ति द्वारा अलग-अलग विभागों में शिकायतें की जाती है और उसकी एवज में पैसों की मांग की जाती है। ब्लैकमेल करने में और लोगों की संलिप्तता की आशंका भी केबल आपरेटरों ने जताई। गृह मंत्री अनिल विज ने इस मामले में कैंट थाने के एसएचओ को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए।

बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर बरसे सांसद

महंगाई बढ़ी, बचत कम, तो खर्चा हुआ ज्यादा : दीपेन्द्र हुड्डा

बोले, महंगाई का कारण सीधे तौर पर बीजेपी सरकार की गलत आर्थिक नीतियां जिम्मेदार है

भरोसा मित्र

झज्जर। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मंगलवार को जिले में अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आम लोग बे ती महंगाई से बुरी तरह परेशान हैं। महंगाई बे ने के कारण लोगों का खर्च बड़ा गया है और इसके चलते परिवारों की बचत लगभग खत्म ही हो गई है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि इसके लिए सीधे तौर पर बीजेपी सरकार की गलत आर्थिक नीतियां जिम्मेदार हैं। घरेलू बचत मौजूदा वित्तवर्ष में पिछले पांच दशक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। भारतीय स्टेट बैंक की एक रिपोर्ट की मानें तो पिछले वित्त वर्ष में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में करीब 55प्रतिशत की गिरावट आई है। यह गिरावट निम्नवर्ग, मध्यम वर्ग के साथ ही पूरी अर्थव्यवस्था के लिए बेहद चिंता की बात है। इस दौरान विधायक राजेन्द्र जून भी मौजूद रहे।

घर चलाना बेहद मुश्किल

उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए घर चलाना बेहद मुश्किल हो गया है। खाने-पीने के सामान, बिजली के ब ते बिल और स्कूल की बढ़ती फीस रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। जो सरकार आम लोगों के खाने की दो वक्त की रोटी भी महंगी कर दे उस सरकार को सत्ता में एक पल भी रहने का हक नहीं है। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की गठबंधन सरकार से दुखी हरियाणा की जनता सरकार के बाकी बचे दिन गिन रही है। भारत सरकार के नीति आयोग के अनुसार प्रदेश की गिनती बेरोजगारी व अपराध में सबसे आगे के प्रदेशों में होती है। नीति आयोग के आंक` साफ कह रहे हैं कि हरियाणा विकास दर में 17वें पायदान पर पहुंच गया, तो यहां शिक्षा का स्तर भी गिरा है।

रिश्वत लेने के आरोप में दो पटवारियों को डीसी ने किया बर्खास्त

फतेहाबाद। उपायुक्त एवं कलेक्टर अजय सिंह तोमर ने धर्मवीर सिंह पटवारी (तदर्थ आधार) व अनीश कुमार पटवारी को रिश्वत लेने के आरोप में बर्खास्त कर दिया है। पटवार सर्कल दीवाना के धर्मबीर सिंह पटवारी पर इंतकाल दर्ज करने की एवज में 15 हजार रुपये रिश्वत लेने तथा पटवार सर्कल भूना अनीश कुमार पटवारी पर इंतकाल की नकल देने की एवज में 30 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप है। कार्यालय उप तहसीलदार कुलां से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार धर्मबीर सिंह पटवारी (तदर्थ आधार) पुत्र गोपाल राम हल्का दीवाना उपतहसील कुलां में कार्यरत थे। जबकि अनीश कुमार पटवारी पुत्र सुभाष चंद्र हल्का भूना उपतहसील भूना में कार्यरत थे।

रोडवेज महाप्रबंधक ने की वादा खिलाफी के खिलाफ

कर्मियों ने दी चक्का जाम की चेतावनी

भरोसा मित्र

हिसार। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने पिछले दिनों डिपो महाप्रबंधक के साथ हुई बातचीत में सहमत हुई डिपो स्तर की मांगों का समाधान न होने पर रोष जताया है। मोर्चा नेताओं ने महाप्रबंधक को चेताया है कि सीनियर-जूनियर के पत्र को लागू करने व गलत आंकड़े पेश करना छोड़ने सहित तुरंत होने वाली कार्रवाई को सिरे नहीं चढ़ाया गया तो हिसार डिपो किसी भी समय जाम हो सकता है, जिसके जिम्मेवार रोडवेज महाप्रबंधक होंगे। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के डिपो सदस्यों एवं यूनियन प्रधानों अजय दुहन, राजबीर दूहन, नरेन्द्र खरड़, नरेन्द्र सोनी, जितेन्द्र शर्मा, सुरेश स्याहड़वा, राजकुमार चौहान, अमित जुगलान एवं अरूण शर्मा ने मंगलवार को कहा कि डिपो महाप्रबंधक ने 20 सितम्बर को सांझा मोर्चा पदाधिकारियों से बातचीत में विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिए एक सप्ताह का समय मांगा था लेकिन सांझा मोर्चा ने एक महाप्रबंधक ने उन्हें 15 दिन का समय देने की बात कही थी।

सीनियर-जूनियर का पत्र नहीं हुआ लागू, गलत आंकड़े किए जा रहे पेश

आक्रोश — फसलों के मुआवजे और अन्य मांगों को लेकर

विधानसभा घेरने के लिए किसानों ने किया चंडीगढ़ का कूच

2 अक्टूबर को किसान चंडीगढ़ में विधानसभा का घेराव करेंगे

भरोसा मित्र

फतेहाबाद। प्रदेश में बाढ़ व सेम से खराब हुई फसलों के मुआवजे और अन्य मांगों को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर हजारों किसानों ने मंगलवार को फतेहाबाद से विधानसभा की ओर कूच शुरू कर दिया है। मंगलवार को विधानसभा कूच के लिए फतेहाबाद में डीसी कार्यालय के बाहर चल रहे पक्का पड़ाव पर हिसार, सिरसा व अन्य जिलों से भी काफी संख्या में किसानों ने भी भाग लिया। यहां से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों व राशन-पानी लेकर चण्डीगढ़ के लिए निकले। विधानसभा कूच का नेतृत्व किसान संघर्ष समिति पगड़ी संभाल जट्टा के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान कर रहे हैं। डीसी कार्यालय से जैसे ही किसानों का जत्था निकाला, जीटी रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। विस कूच में काफी संख्या में महिलाएं भी भाग ले रही हैं। किसान फतेहाबाद से रतिया होते हुए रात को नथवान पहुंचेंगे। बुधवार सुबह वे कुलां, टोहाना होते हुए धमतान साहिब में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद धरोदी, शिमला होते हुए 28 को कलायत में पहुंचेंगे जहां रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद 29 को क्योकड़ में, 30 को इस्माइलाबाद तथा 1 अक्टूबर को अम्बाला में रात्रि विश्राम होगा। 2 अक्टूबर को किसान चण्डीगढ़ में विधानसभा का घेराव करेंगे। डीसी कार्यालय के बाहर किसानों को संबोधित करते हुए राज्य अध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा कि फतेहाबाद सहित प्रदेश के अनेक जिलों में बाढ़ के कारण किसानों की पूरी फसलें बर्बाद हो गईं। फसलों के अलावा बाढ़ से उनके ट्यूबवेलों व मकानों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में प्रभावित किसानों को तुरंत राहत देने की बजाय प्रदेश सरकार कभी पोर्टल तो कभी अनाप-शनाप शर्तें लगाकर लगातार मुआवजा देने से पीछे हट रही है। इसलिए चण्डीगढ़ में हजारों किसान विस घेराव कर सरकार को जगाने का काम करेंगे।